RNI NO. 56331/93 वर्ष » 31 अंक »321 जयपुर » गुरूवार » 25 अप्रैल, 2024 पृष्ठ » 08 मूल्य » 2 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
जयपुर, टोंक, और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

## संपादकीय

खबरों की दुनिया

वायनाड में राहुल गांधी को हराने की पूरी तैयारी

## रायबरेली से प्रियंका, अमेठी से राहुल गांधी को उतारने की तैयारी



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

**गांधी परिवार की** परम्परागत सीट रायबरेली हैं। जहां से सोनिया गांधी 5 बार चुनाव जीतती आई हैं। अब की बार वे राजस्थान से राज्यसभा का चुनाव जीतकर राज्यसभा में जा पहुंची हैं तथा शपथ भी ले ली हैं। गांधी परिवार की इस परम्परागत सीट पर गांधी परिवार अपना दावा छोड़ने को तैयार नही है वहीं यहां की जनता किसी दूसरे को स्वीकार करने को तैयार नही हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस ने इस सीट पर प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाने की पूरी तैयारी कर ली हैं। यह भी कहना गलत नहीं है कि प्रियंका गांधी ने अभी तक कोई चुनाव नहीं लड़ा है। यदि वे चुनाव लड़ी तो यह उनका पहला चुनाव होगा। प्रियंका के पति राबर्ट वाड्रा का मन भी चुनाव लड़ने के लिये हिचकोले मार रहा हैं। लेकिन पहली प्राथमिकता कांग्रेस प्रियंका को देगी।



### भाजपा वरूण गांधी को उतारना चाहती है


जिस वरूण गांधी का टिकिट भाजपा ने पीलीभीत से काट कर किसी दूसरे को दे दिया था। पीलीभीत में तो मतदान भी हो चुका हैं। वरूण गांधी को चमचागिरी पसन्द नहीं हैं। उन्होंने नरेन्द्र मोदी और भाजपा की कमजोरियों कमी खामियों की सार्वजनिक निंदा की। जिससे नाराज होकर उनका टिकिट पीलीभीत से काट दिया गया। भाजपा ने बड़ी चतुराई से वरूण गांधी की माँ मेनका गांधी को सुलतानपुर से टिकिट दे दिया जिससे वरूण गांधी बगावत नहीं कर सके। अब भाजपा वरूण गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाना चाहती हैं। लेकिन वरूण गांधी ने स्पष्ट मना कर दिया है कि वे अपनी बहन के खिलाफ किसी भी सूरत में चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसी स्थिति में रायबरेली से प्रियंका गांधी यदि चुनाव लड़ती है तो जीत पक्की हैं। इसमें कोई दो राय नहीं हैं।

### स्मृति ईरानी की एन्टी इनकंबेंसी का लाभ अमेठी में मिल सकता है

यद्यपि राहुल गांधी वायनाड से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है लेकिन वायनाड से राहुल को हराने के लिए केरल के मुख्यमंत्री जो इण्डिया गठबन्धन में शामिल है हराने की साजिश रच रहे हैं। भाजपा तो पहले से ही तैयार खड़ी हैं। इस प्रकार मुस्लिम-ईसाई बाहुल्य वायनाड में राहुल गांधी को कोई खतरा नहीं हैं फिर भी वे अमेठी से चुनाव लड़ने की सोच सकते है। यदि राहुल गांधी अमेठी से नहीं लड़ते है तो उनके बहनोई राबर्ट वाड्रा ताल ठोककर खड़े हैं। लेकिन स्मृति ईरानी को हराने के लिये राहुल गांधी या उनके स्तर का कोई दूसरा नेता चाहिये। वैसे कांग्रेस ने अमेठी में अपने कार्यालय की साफ-सफाई शुरू कर दी है। राहुल नहीं तो कोई दूसरा लड़ेगा चुनाव।

### सूरत के बाद अहमदाबाद भी र्निविरोध होगा

आजकल भाजपा ने तीसरी पारी का चुनाव जीतने के लिये साम-दाम-दण्ड़-भेद की नीति अपना ली हैं। वह अब अपने विरोधियों को डरा धमकाकर या लालच देकर रास्ते से हटा रही हैं। इसका पहला उदाहरण हमने सूरत में देखा जहां कांग्रेस उम्मीदवार का नामाकंन रद्द तथा दूसरे निर्दलीयों को साम-दाम-दण्ड़-भेद अर्थात धन का लालच देकर या डरा धमका कर बिठा दिया। यही करिश्मा भाजपा गांधीनगर में करने जा रही हैं। जहां से गृहमंत्री अमित शाह उम्मीदवार हैं वहां पर अमित शाह को र्निविरोध जीताने के लिये दूसरे प्रत्याशियों को डराने धमकाने का काम शुरू कर दिया। जिसका एक वीडियों दिन भर वायरल होता रहा। एक प्रत्याशी रा-रो कर कह रहा है कि उसकी जान का खतरा है उसे डराकर नाम वापस लेने के लिये बाध्य किया जा रहा हैं। गांधीनगर के बाद वाराणसी में भी ऐसा ही हो सकता हैं। जहां प्रधानमंत्री स्वयं चुनाव लडेंगे।



# कांग्रेस विरासत पर भी टैक्स लगाएगी

## वे आपकी संपत्ति लूटना चाहते हैं, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भीः मोदी

एजेंसी

**रायपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का ये मंत्र आपकी संपत्ति छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को दें।



### भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगीः पीएम मोदी

यहां कांग्रेस के घोटालेबाजों पर जिस तरह एक्शन हो रहा है, वो पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं तो कांग्रेस वालों का और दुनिया की कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्ति शाली हो गया तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा। भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी सरकार जो आपस में लड़ती रहे, घोटाले करती रहे। कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है।

### कांग्रेस के कुशासन-लापरवाही से देश बर्बाद होता रहा

उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस देश को तबाह करने में लगी रही। देश में आतंकवाद किसके कारण फैला? देश में नक्सलवाद किसके कारण बढ़ा। कांग्रेस का कुशासन और लापरवाही, यही कारण है कि देश बर्बाद होता रहा। आज भाजपा नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है।

### कांग्रेस की लूट- जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी

कांग्रेस कहती है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी।

### वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने महापुरुषों की परवाह नहीं की

बाबा साहब अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण होगा तो दलित, आदिवासी भाइयों के नाम पर होगा, लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की परवाह नहीं की। बाबा साहब अंबेडकर के शब्दों की परवाह नहीं की।

### कांग्रेस के खतरनाक इरादे खुलकर सामने आ रहे

मोदी ने कहा कि शाही परिवार के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए। अब ये लोग उससे भी एक कदम आगे चले गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा।

महाराष्ट्र के यवतमाल में नितिन गडकरी चुनावी रैली में बेहोश हुए

## अमित शाह बोले- कांग्रेस और लेफ्ट ने आतंकियों को पनाह दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के यवतमाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी चुनावी रैली के दौरान बेहोश हो गए। वे यहां एनडीए की शिवसेना प्रत्याशी राजश्री पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने आए थे। गडकरी बोल ही रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। मंच पर मौजूद लोग उन्हें अस्पताल ले गए।



**अमित शाह ने कहा-** केरल के किसान और मछुआरे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। केरल के कोने-कोने से यहां की संस्कृति और विरासत दोनों के सरंक्षण के लिए नरेंद्र मोदी को वोट देने की आवाज आ रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए केरल के अलाप्पुझा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- कांग्रेस और कम्यूनिस्ट ने राज्य में आतंकियों को पनाह दे रखी है।

माइनोरिटी के वोटबैंक के लालच ने इन्हें पीएफआई का समर्थन करने के लिए मजबूर कर दिया है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों का दुनिया से अस्तित्व खत्म हो रहा है।

## इंडी अलायंस परिवारवाद और भ्रष्टाचारी पार्टियों का गठबंधन : जेपी नड्डा

**भागलपुर (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि यह परिवारवाद और भ्रष्टाचारी पार्टियों का गठबंधन है। इस गठबंधन में आधे जेल तो आधे जमानत पर हैं। बिहार के भागलपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी यादव समेत पूरा परिवार जमानत पर है।

### दिया कुमारी और कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा नें सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन मे किया रोड शो

## विपक्ष के पास ना कोई एजेंडा है, ना ही कोई विजन हैः दिया कुमारी

खबरों की दुनिया

**सवाई माधोपुर।** बुधवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। दिया कुमारी ने सवाई माधोपुर में टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर जौनापुरिया के समर्थन में रोड शो किया। दिया कुमारी का रोड शो बजरिया स्थित ट्रक यूनियन से रवाना हुआ शहर के प्रमुख मार्गों से भाजपा चुनाव कार्यालय गौतम आश्रम पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

दिया कुमारी के रोड शो के दौरान कैबिनेट मंत्री एवं सवाई माधोपुर से भाजपा विधायक डॉ. किरोड़ी लाल मीणा कुछ देर रोड शो के आगे-आगे कार्यकर्ताओं के साथ पैदल चले और आगे जाकर दिया कुमारी की कार में सवार हो गए। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया भी दिया कुमारी से साथ कार में सवार रहे। रोड शो के दौरान दिया कुमारी ने कहा, विपक्ष के पास ना कोई एंजेडा है, ना ही कोई विजन है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने राम को मानने से ही इनकार कर दिया था और अब जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया तो उन्होंने प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण भी ठुकरा दिया। ऐसे में जिन्होंने सनातन का अपमान किया, उनको जनता कभी माफ नही करेगी।

दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के पास ना नीति है, ना नीयत है और ना ही कोई नेता है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पिछले दस सालों में किया गया काम, उनका सशक्त विजन और 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किये जा रहे हैं।

यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मोदी के सशक्त नेतृत्व में होने वाले विकास का फायदा सभी को बराबर मिलेगा और उनकी जन कल्याणकारी योजनाएं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की तर्ज पर सभी नागरिकों तक पहुंच रही है।

अपनी अथक मेहनत से मोदी ने देश में हर व्यक्ति के मन में जगह बनाई है। इस बार हम सभी ने मिल कर चार सौ पार का लक्ष्य लिया है। मेरा पूरा विश्वास है कि राजस्थान पूरे पच्चीस कमलों की माला प्रधानमंत्री मोदी को भेंट करने जा रहे हैं और एक बड़े बहुमत के साथ सुखबीर सिंह जौनापुरिया भी संसद जा रहे हैं।



### लोग भाग भाग कर भाजपा में आ रहे हैंः डॉ. किरोड़ी

इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के किरोड़ी के कांग्रेस में आने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पता नहीं डोटासरा को कहां से सपना आ गया। कांग्रेस के लोग भाग भाग कर भाजपा में आ रहे हैं और वह कह रहे हैं कि मैं कांग्रेस में जाऊंगा। किरोड़ी ने कहा कि जब मैंने पहले में भाजपा को छोड़ा था, तब भी मैं कांग्रेस में नहीं गया था जबकि कांग्रेस ने मुझे बड़े बड़े लालच दिए थे। मैं विचारधारा का आदमी हूं और अंत तक अपनी विचारधारा के साथ ही खड़ा रहूंगा।

### इलेक्शन कमीशन ने पीएम मोदी की स्पीच के खिलाफ जांच शुरू की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्शन कमीशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए बयान की जांच शुरू कर दी है। पीएम मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों में बांट देगी। साथ ही पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। पीएम के इस बयान के खिलाफ कांग्रेस और सीपीआई-एम ने चुनाव आयोग में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई थीं।



पहले मतदान-फिर जलपान' की अपील

## बीजेपी गरीब को गणेश मानकर करती है सेवाः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब कल्याण, विकास, सीमा सुरक्षा तथा दुनिया में देश का गौरव बढ़ाने के लिए काम करते हैं। उनके नेतृत्व में हमारी भारतीय जनता पार्टी गरीब को गणेश मानकर सेवा का कार्य करती है। भजनलाल शर्मा बुधवार को प्रतापगढ़ के धमोत्तर में भाजपा प्रत्याशी सी. पी. जोशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केवल घोषणाएं करते हैं और उन्हें भूल जाते हैं। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल में किसानों की कर्जमाफी, युवाओं को 3500 रुपये का बेरोजगारी भत्ते जैसी विभिन्न घोषणाएं की थीं, लेकिन इनमें से कुछ भी धरातल पर मूर्त रूप नहीं ले सकीं। उन्होंने कहा कि हम घोषणा नहीं संकल्प करते हैं तथा संकल्प पत्र में जनता से किए 45 प्रतिशत वादे अब तक पूरे कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवादी घटनाएं, तुष्टिकरण की राजनीति और घोटालों का आए दिन सामना करना पड़ता था।



फर्जी एनओसी मामले में हेल्थ डिपार्टमेंट की कार्रवाई

## जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द

### अब हॉस्पिटल में नहीं हो सकेंगे ऑर्गन ट्रांसप्लांट

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी के मामले में हेल्थ डिपार्टमेंट में कार्रवाई की है। जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है। इस तरह इस मामले में ये तीसरा हॉस्पिटल है जिसकी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए जारी किए लाइसेंस को रद्द किया है। इस निर्णय के बाद अब मणिपाल हॉस्पिटल में अगले आदेश तक किडनी, लिवर के ट्रांसप्लांट नहीं हो सकेंगे। हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि फर्जी एनओसी प्रकरण में संदिग्ध भूमिका के दृष्टिगत मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर को जारी को निलंबित कर दिया। मानव अंग एवं ऊत्तक प्रत्यारोपण की प्राधिकृत अधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि फर्जी एनओसी जारी होने का प्रकरण सामने आने के बाद इस मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल से कार्मिक गिर्राज शर्मा को गिरफ्तार किया था। यह कार्मिक पूर्व में मणिपाल हॉस्पिटल में भी कार्यरत था। मणिपाल में भी मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए एनओसी प्राप्त करने में इस कार्मिक की भूमिका सामने आई है। हॉस्पिटल द्वारा प्राप्त एनओसी भी संदेह के दायरे में है और एसीबी, पुलिस भी इस प्रकरण में जांच कर रही है। इसे देखते हुए मणिपाल हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निलंबित किया है। आपको बता दें कि इस प्रकरण में हेल्थ डिपार्टमेंट ने पहले जयपुर के फोर्टिस हॉस्पिटल और ईएचसीसी हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द किया था।

## थम गया दूसरे चरण के चुनाव का शोर, अब डोर टू डोर होगी मनुहार

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर होने वाले दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थम गया। शाम 6 बजने के साथ ही जनसभा, लाउडस्पीकर प्रचार, रोड शो नहीं होंगे। अब प्रत्याशी सिर्फ दो टू डोर ही प्रचार कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन विभाग ने मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए जारी दिशा-निर्देश की पालना करनी होगी। प्रत्याशी किसी भी तरह के लाउडस्पीकर के साथ में प्रचार नहीं कर सकेंगे साथ ही जुलूस भी नहीं निकाल सकेंगे। इतना ही नहीं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार स्टार प्रचारकों को भी लोकसभा क्षेत्र की सीमाओं को छोड़ना होगा।

**इन सीटों पर होंगे चुनाव :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार गतिविधियां शाम 6 बजने के साथ ही थम गई। दूसरे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा-डूंगरपुर, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा-बूंदी और झालावाड़-बारां में 26 अप्रैल को मतदान होगा। गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटों की अवधि शाम 6 बजे से आरंभ हुई। मतदान समाप्ति अवधि 26 अप्रैल को शाम 6 बजे तक ये प्रभावी रहेगी।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## लंकापूरी बालाजी में भजन संध्या एवं विशाल झांकियो का आयोजन



खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीलंकापूरी बालाजी में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 12:15 बजे महाआरती की गई और बालाजी महाराज को 208 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। समिति की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया की रात्रि मे अमित खंडेलवाल, रश्मि ओझा एवम् गोपाल मिश्रा ने भजनो की शानदार प्रस्तुति दी। इसके साथ श्रीराम लला, बालाजी महाराज, श्याम बाबा, भोलेनाथ की आकर्षक झांकियां सजाई गई। समिति अध्यक्ष रामावतार कलावटिया, मातृशक्ति अध्यक्ष संतोष खंडेलवाल और राजकुमार पारीक ने दुपट्टा और मालाओं से नंदकिशोर महाराज पीठाधीश्वर श्रीलंकापुरी बालाजी धाम, लोहागर्ल धाम के पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज, विक्रम नाथ महाराज पालवास, पीयूष गड्डीका महाराज, दयालदास, खाकी मन्दिर,श्री जानकी प्रसाद इंदोरिया, अनिता शर्मा, शशि बहड़, अरविंद भामा, द्वारकाप्रसाद सोनी, सुनीता गठाला, राजकुमारी शर्मा, नीलम मिश्रा, सुनीता शर्मा, रमा शेखावत, पायल कुमावत विवेक कालेर, राधेश्याम पारीक डॉ बलवंत सिंह चिराना उमेश मिश्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में कमलेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, कामिनी सोमानी, गिरीश सोमानी, बनवारी शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, अर्चना पारीक, संध्या अवस्थी, राहुल बिल्खीवाल, अनिल जांगिड़, उमेश माथुर, भारत बियानी, डॉ सुनील पांडे, हेमंत सोनी, राजेश शर्मा आदि समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जानू ने की प्रेस वार्ता

# प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल तुष्टिकरण को किया बेनकाब : कृष्ण कुमार जानू

खबरों की दुनिया




**सीकर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमसभाओं में कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण को बेनकाब किया है। कहा कि कांग्रेस भारत के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने पर तुली हुई है। यह बात प्रदेश प्रवक्ता जानू ने बुधवार को व्हाईट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। प्रेस वार्ता में जानू ने लोकसभा चुनाव में सीकर के मतदाताओं व मीडिया के सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफ लड़ रहे हैं। 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया जिसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। कहा कि अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आम जनता की कमाई व संपत्ति पर है। कांग्रेस इस पर पंजा मारना चाहती है। किसके पास कितनी प्रापर्टी, धन, मकान है कांग्रेस सरकार जांच कराएगी। यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। कहा कि कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है व शहर में घर है तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्यूनिष्ट जैसी है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सच ही कहते हैं कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अतीत में अनुभव यह बताता है कि वो तुष्टिकरण की पराकाष्ठा की राजनीति करती रही है। कहा कि जिस प्रकार से डर है को लेकर तुष्टिकरण को छुपाने की कोशिश की है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसे ही सामने लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अपनी बात रखने की चर्चा पूरे देश में हो रही है लेकिन आचार संहिता की घोषणा होते ही वो दोहरी भूमिका में होते हैं। कहा कि वो सरकार के किसी कार्यक्रम में यह बात नहीं कह रहे हैं। मोदी पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के नाते पार्टी की सभा में यह बात कह रहे हैं। कहा कि यह दोहरी भूमिका है जिसे समझने की जरूरत है। कहा कि कांग्रेस की इन्हीं बातों का पटाक्षेप भाजपा का सबसे वरिष्ठ नेता नहीं करेगा तो कौन करेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच बार धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करने का प्रयास किया। चार बार आंध्र प्रदेश में व एक प्रयास दिल्ली में सरकार द्वारा किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से यह प्रयास विफल रहे। कहा कि कांग्रेस मंदिरों की सम्पत्ति की अधिग्रहण की बात करती है तो वक्फ बोर्ड की क्यों नहीं करती। कहा कि दुनिया के पच्चास से अधिक मुस्लिम देशों में कितने वक्फ बोर्ड है व कितने देशों में मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह विचार की भारत के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है और गरीबों और हाशिए पर रहने वाले, एससी, एसटी और महिलाओं की छोटी बचत सहित भारतीयों की संपत्ति को अल्पसंख्यकों के बीच पुर्नवितरित किया जाना चाहिए, कांग्रेस में गहराई से व्याप्त है। कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के सीएम सिद्धारमैया ने कुछ महिने पहले एक भाषण दोहराया था कि मुसलमानों का देश की संपत्ति पर अधिकार है और वह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें यह मिले। यह खतरनाक और विभाजनकारी है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया।

इस दौरान जिला महामंत्री संजय सैनी, जयपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी प्रकाश दाधीच, जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर, भंवरलाल जांगिड़, गौरव दीक्षित व विजय सैनी मौजूद रहे।

वार्ड नंबर 41 में छाया पानी का संकट

## पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं गोगामेडी क्षेत्र के लोग



### गर्मी शुरू होने के साथ ही बन गई पानी की गंभीर समस्या

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर शहर के वार्ड नंबर 41 में गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी का संकट छा गया। वार्ड के गोगामेड़ी से लेकर शिवजी के मंदिर तक का इलाका पिछले कई महीनो से पानी की समस्या से त्रस्त है। उक्त क्षेत्र में स्थिति यह बनी हुई है कि यहां के लोग पीने के लिए जैसे तैसे पानी का केन मंगा कर गुजारा कर रहे हैं, वही नहाने धोने के लिए टैंकर मंगा रहे हैं। इस समस्या को लेकर शहर विधायक राजेंद्र पारीक को भी अवगत कराया गया। उन्होंने शीघ्र समस्या निदान का आश्वासन दिया लेकिन समस्या अभी भी यथावत बनी हुई है। जलदाय विभाग के आला अधिकारियों को भी कई बार समस्या से अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने भी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। आज पानी की समस्या को लेकर उक्त इलाके में वार्ड की पूर्व पार्षद भावना कच्छावा के नेतृत्व में महिलाओं ने जमकर जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की तथा शीघ्र समस्या का निदान नहीं होने पर जलदाय विभाग पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। वार्ड के जागरूक नागरिक सत्यनारायण पवार ने जलदाय विभाग को चेताया कि अगर समय रहते क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या का निधान नहीं किया गया तो कलेक्ट्रेट पर क्षेत्रवासी न केवल प्रदर्शन करेंगे बल्कि अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठ जाएंगे।

## महिला के हुए जुड़वा बच्चे, पिपराली सीएचसी में महिला के हुआ प्रसव



खबरों की दुनिया

**सीकर।** चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। बुधवार को पिपराली गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। सीएचसी पिपराली के प्रभारी अधिकारी डॉ वासुदेव सैनी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह के निर्देशन में क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। बुधवार की सुबह भैरूजी स्टैण्ड पिपराली की रहने वाली सुमन रानी को परिजन अस्पताल लेकर आए।

इस पर डॉ पूजा ने उनके स्वास्थ्य की जांच की और प्रसव के अस्पताल में भर्ती किया। महिला दो बच्चों को जन्म दिया। महिला का यह तीसरा प्रसव है। पहले उसके एक लड़का व लड़की हैं। इसको देखते हुए डॉ पूजा ने उसके स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जांच की और अस्पताल में सुरक्षित प्रसव करवाया। जच्चा व बच्चा स्वास्थ्य है। उन्होंने बताया कि सीएचसी पिपराली में पहली बार ट्विन्स (दो बच्चे) प्रसव करवाया गया है। इस कार्य में डॉ पूजा, डॉ रामनिवास, डॉ वासुदेव, डॉ राहूल, नर्सिंग स्टाफ शमशेर खान, भंवरी देवी, सुमन, परमेश्वरी, एएनएम संगीता ने सहयोग किया।


करड़ में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

## शादी समारोह से गांव लौट रहे नव विवाहित पति-पत्नी हुए सड़क हादसे का शिकार

### - 9 दिन पहले ही हुई थी शादी, पत्नी की मौके पर ही मौत पति गंभीर घायल

खबरों की दुनिया





**दांतारामगढ़।** सीकर जिले के दांतारामगढ़ इलाके में अनियंत्रित गाड़ी पेड़ से टकराने से नव-विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता का पति हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहे थे। घटना बुधवार सुबह 2 बजे की बताई जा रही है।

दांतारामगढ़ थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि डीडवाना-कुचामन जिले के रहने वाले पति-पत्नी सोनू देवी व मनीष कुमार सीकर के दांतारामगढ़ चक गांव में रिश्तेदारी में शादी समारोह में आए हुए थे। पति-पत्नी बुधवार सुबह करीब 2 बजे अपने गांव के लिए चक से रवाना हुए थे। गांव से 3 किलोमीटर दूर चक से करड वाली रोड पर अचानक गाड़ी के आगे एक नीलगाय आ गई। नीलगाय को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

हादसे में सोनू देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मनीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पति-पत्नी के एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मनीष कुमार को सीरियस कंडीशन में चौमूं के बराला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सोनू देवी के शव का पोस्टमार्टम करवा कर सब परिजनों को सौंप दिया है।

थानाधिकारी ने बताया कि 16 अप्रैल को सोनू-देवी व मनीष कुमार की शादी हुई थी। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। हादसे के समय कार मनीष कुमार ही चला रहा था।

### नीलगाय सामने आने से बिगड़ा बैलेंस

दोनों बुधवार सुबह करीब 2 बजे अपने गांव के लिए रवाना हुए थे। गांव से 3 किलोमीटर दूर चक से करड वाली रोड पर गाड़ी के आगे एक नीलगाय आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में बैलेंस बिगड़ गया और पेड़ से टकरा गई।

हादसे की जानकारी पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गाड़ी से निकाला। युवक को चौमूं के बराला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा गया। बताया जा रहा है कि मनीष बीकानेर में बी.एड, बीएसटीसी की पढ़ाई करता था।

थानाधिकारी ने बताया कि गाड़ी में मूंडघसोइ, मारोठ डीडवाना-कुचामन जिले के रहने वाले पति-पत्नी सोनू देवी मीणा (21) और मनीष कुमार मीणा (24) सवार थे। दोनों चक (खाचरियावास) में मनीष के साढू की बहन की शादी में आए थे। शादी में शामिल होकर रात्रि में वापस अपने घर लौट रहे थे।

## अनूठी मिसालः बेटे की शादी में दहेज न लेकर ससुर ने बहू को गिफ्ट में दी कार, समाज ने की तारीफ





खबरों की दुनिया

**पाटोदा।** राजस्थान के सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ तहसील डोटासरा गांव में अपने बेटे की शादी में एक ससुर ने दहेज न लेकर अपनी बहू को गिफ्ट में कार देकर अनूठी मिसाल पेश की है। इस सराहनीय पहल से समाज को एक अच्छा संदेश मिला है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी उपखंड के गांव डोटासरा निवासी अध्यापक हरिराम डोटासरा के बेटे अरुण डोटासरा की शादी धोद के गांव परडोली छोटी के किसान पोखर राम पोती, रामवतार बेरवाल की बेटी ललिता बेरवाल के साथ हुई है। हरिराम डोटासरा डोटासरा के राजकीय प्राथमिक में शिक्षक है। और ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ लक्ष्मणगढ़ सीकर बेटा पढ़ाई कर रहा है, दुल्हन कर रही पढ़ाई अरुण की शादी 23 मार्च को हुई थी।

### समाज को मिला संदेश-

हरिराम डोटासरा ने बेटे की शादी में दहेज नहीं लेकर समाज को अच्छा संदेश दिया। साथ ही बहू को मुंह दिखाई में कार गिफ्ट में दी। इस पहल की काफी सराहना हो रही है। शिक्षक हरिराम डोटासरा ने बताया कि परिवार हमेशा से दहेज प्रथा के खिलाफ था। बेटे की शादी बिना दहेज करनी है। इस बात का मन पहले ही बना लिया था।

## प्रिंस कॉलेज में एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन

खबरों की दुनिया





**सीकर।** जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित प्रिंस कॉलेज में एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एसएससी सीजीएल की तैयारी करने वाले प्रिंस कॉलेज के बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने इस मेगा टैलेंट टेस्ट में भाग लिया। समारोह में टॉप 20 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

प्रथम रैंक पर रहे परीक्षित को 5100 रुपये. नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र, द्वितीय रैंक पर रही आरजू खान को 3100 रू. नकद पुरस्कार, तृतीय रैंक सिद्धार्थ को 2100 रू. नकद पुरस्कार, चतुर्थ रैंक आदित्य महला को 1100 रू. नकद पुरस्कार एवं 5वीं से 20वीं रैंक तक प्रत्येक प्रतिभागी को 500 रू. नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने कहा कि एसएससी सीजीएल में सफलता पाने के लिए क्लासरूम स्टडी, टेस्ट सीरीज, सेल्फ स्टडी प्लान, टाइपिंग, मॉक टेस्ट आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रिंस कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष से ही आईएएस, आरएएस, सीडीएस, एसएससी सीजीएल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवायी जा रही है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जय सिंह, प्रबंधक महेन्द्र सिंह डूडी, यूपीएससी कॉर्डिनेटर किशोर झा, कुलदीप सिंह सहित समस्त व्याख्याता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शेखावत से मिला आरटिया प्रतिनिधि मंडल



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आरटिया के प्रतिनिधि मंडल ने जोधपुर प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भूत के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जोधपुर भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने शेखावत से राजनैतिक चर्चा परिचर्चा की तथा लोकसभा चुनाव में जीत की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर व्यवसायी अमित चिराणिया, अंकित काबरा भी साथ थे। उल्लेखनीय है कि शेखावत मूल रूप से सीकर जिले की श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं तथा जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार प्रत्याशी है तथा लगातार 10 वर्ष से जोधपुर के सांसद व केन्द्रीय मंत्री हैं।

## महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन

खबरों की दुनिया



**सीकर।** गोपीनाथ गौ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा इंदोरिया फार्म हाउस कूलर फैक्ट्री धोद रोड पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रीबालाजी महाराज को भजनों द्वारा रिझाया गया। इस अवसर पर लोहार्गल पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य महाराज द्वारा महाआरती और सभी भक्तों द्वारा महाआरती की गई। सभी भक्तों द्वारा बालाजी महाराज को भोग लगाकर पंचमेवा और चूरमे का भोग भक्तों में बांटा गया, सभी ने भजनों का खूब आनंद लिया और आए हुए सभी अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इसी फार्म हाउस से गौ माता की निमित्त हरा चारा की सेवा अलग-अलग गौशालाओं में गोपीनाथ गौ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दी जाती है। सदस्यों के सहयोग के लिए भी पुनः एक बार धन्यवाद, इस अवसर पर गोपीनाथ गौ सेवा समिति के सदस्य एवं समस्त गौ भक्त उपस्थित रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

खबरों की दुनिया

**सीकर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि चिकित्सा विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 25 अप्रेल को शाम चार बजे जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभा भवन में आयोजित की जाएगी द्य बैठक में चिकित्सा विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## जयपुर में मकान का एक हिस्सा गिरा, 5 लोग दबे

### दूसरी मंजिल बनाने का काम चल रहा था, घायलों को एसएमएस अस्पताल में कराया भर्ती



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में रामगंज इलाके में घोसियों का रास्ता में एक निर्माणाधीन मकान का हिस्सा गिर गया। हादसे में वहां काम कर रहे 5 मजदूरों के चोटें आई। इनमें से 3 लोगों को इलाज के लिए सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल लाया गया। घटना की सूचना मिलने पर रामगंज थाना पुलिस और स्थानीय पार्षद भी मौके पर पहुंचे।

पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि घोसियों के रास्ते में यादव स्कूल के पास मकान संख्या 1655 जो काफी पुराना और जर्जर था। उसके चौक में एक मंजिल बनाने का काम चल रहा था। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक निर्माणाधीन हिस्सा भर-भराकर गिर गया। इसमें शटरिंग (बल्ली-फंटे) लगे थे, जिसके कारण मजदूर और ठेकेदार घायल हो गए। हादसे में 3 लोगों के ज्यादा चोटें आई, जिनको एंबुलेंस के जरिए एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

पार्षद ने बताया कि ये मकान 8 से 10 लोगों ने मिलकर खरीदा है और अलग-अलग रजिस्ट्रियां करवा रखी है। इनमें से एक व्यक्ति ने अपने हिस्से में एक मंजिल बढ़ाने के लिए ये निर्माण काम शुरू करवाया था। पिछले करीब एक महीने से काम चल रहा था। हादसे के बाद मकान मालिक फरार हैं।

## सुपर-30 के बाद अब आनंद कुमार लाए सुपर-10



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** आईआईटी प्रवेश के लिए देश के सुप्रसिद्ध संस्थान सुपर-30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार अब सुपर -10 लेकर आए है। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के सहयोग से स्टूडेंट्स के लिए ये योजना शुरू की है, जिसके अंतर्गत वे विभिन्न इलाकों से 10 स्टूडेंट्स का विभिन्न पेरामीटर्स पर चयन करेंगे, जिन्हें कम्प्यूटर साइंस में चार वर्षीय बीटेक कोर्स में ट्यूशन फीस एवं अन्य स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

सुपर-10 चयन को लेकर विभिन्न स्थानों पर आनंद कुमार स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्ट कर रहे हैं, जिसमें स्टूडेंट्स का खासा रूझान देखने को मिल रहा है। हाल ही में उन्होंने कोटा समेत अन्य स्थानों पर स्टूडेंट्स से सीधे इंटरेक्ट किया और उनकी इंजीनियरिंग पढाई से जुडी विभिन्न क्वेरीज पर चर्चा की।

आनंद कुमार ने बताया कि इस तरह की पहल से मैं गर्व महसूस कर रहा हूं, उन्होंने कहा कि जेकेएलयू का यह कदम निश्चित तौर पर महंगी फीस भरने में असक्षम मेधावी स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी। जेकेएलयू के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने बताया कि संस्थान के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) की ओर से स्टूडेंट्स को शिक्षा के क्षेत्र में बढावा देने के क्रम में यह कार्यक्रम आनंद कुमार के साथ शुरू किया गया है, इनमे चयनित स्टूडेंट्स को बी टेक स्कॉलरशिप के साथ ही देश की विभिन्न आईआईटी में सेमेस्टर एक्सचेंज का अवसर भी मिल सकेगा।

## शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने जल भवन का किया औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बुधवार को प्रातः 9.30 बजे विभागीय मुख्यालय 'जल भवन' का औचक निरीक्षण किया। डॉ शर्मा ने सभी मुख्य अभियन्ता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के अधीन कार्य करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया जिसमें 407 में से 11 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये तथा बिना जायज कारण के कार्यालय में समय पर उपस्थित नही होनें वाले 4 कार्मिकों वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र प्रसाद गूर्जर तथा कनिष्ठ सहायक कूनाल सिंह डूडी, नेहा शर्मा मुकेश मेहरा के विरूद्ध मुख्य अभियन्ता (प्रशासन) को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये जिसकी अनुपालना में मुख्य अभियन्ता प्रशासन ने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे कार्मिकों को नोटिस जारी कर दिये।

शासन सचिव ने वहॉं मौजूद सभी कार्मिकों को कार्यालय में समय पर उपस्थित होने की हिदायत दी। साथ ही समय से पहले कार्यालय नही छोड़ने के लिए भी निर्देश किया।

डॉ शर्मा ने इसके पश्चात अनेक अधिकारियों और कार्मिकों के कक्ष में जाकर उनके द्वारा निस्तारित की जाने वाली फाईलों की समीक्षा की एवं कुछ अधिकारियों के कम्प्यूटर के इन बाक्स खुलवाकर उसमें पेन्डिंग ई-फाईल्स की जांच की। उन्होनें समस्त फिजीकल फाईलों को इलेक्ट्रॉनिक फाईलों में परिवर्तित करने के निर्देश दिये एवं समस्त प्राप्त फाईलों को उसी दिन निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किये। विभाग के शासन सचिव ने सिरोही जिले में पाली संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत कार्यालय के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये 13 अधिकारियों/ कर्मचारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जिओं फैंस आधारित मोबाईल अटेंडेंस मैनेजमट सिस्टम को लागू करने की तैयारी मुख्य सचिव के निर्देशानुसार विभाग ने अधिकारियों एवं कार्मिकों की कार्यस्थल पर समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु राज ए. एम. एस. मोबाईल आधारित मार्क इन एवं मार्क आउट की व्यवस्था लागू करने हेतु दिशा निर्देश जारी कर दिये है। अब तक कुल 1101 कार्यालयों एवं उनमें कार्यरत 5102 अधिकारियों/ कार्मिकों की मैपिंग भी की जा चुकी है। विभाग द्वारा अधिकारियों और कार्मिकों को इसके उपयोग की जानकारी देकर ट्रायल का कार्य चल रहा है। प्रतिदिन लगभग 4000 कार्मिकों द्वारा इसके माध्यम से सफलतापूर्वक अपनी उपस्थिति मार्क की जा रही है।

आयोजित विडियों कॉन्फेसिंग में इस व्यवस्था को 1 मई से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

## विश्व गुरु महामंडलेश्वर श्री महेश्वरानंद ने किए मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** हनुमान जयंती पर मेहंदीपुर बालाजी में हुई भजन संध्या में विश्व गुरु महामंडलेश्वर श्री महेश्वरानंद जी ने पधारकर बालाजी के दर्शन किए। इस मौके पर प्रख्यात कवि कुमार विश्वास ने अपने-अपने राम विषय पर भजन संध्या में विश्व गुरु जी से आशीर्वाद लिया। मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी गोस्वामी जी ने विश्व गुरु जी का स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में स्वामी को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सांसद घनश्याम तिवाड़ी, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी, कपिल अग्रवाल अवतार पुरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

*बिजनेस पार्टनर ने ही दी धमकी, शिमला से पकड़े गए तीन आरोपी*

## जयपुर के बिल्डर से 50 लाख रु. मांगने वाली गैंग गिरफ्तार

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** जयपुर में बिल्डर को वॉट्सऐप कॉल कर 50 लाख रुपए की मांग करने वाली गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मानसरोवर थाना पुलिस ने गैंग के मुख्य आरोपी ऋषभ शर्मा (27) सहित चार को गिरफ्तार किया है। ऋषभ शर्मा मध्यप्रदेश के गोसलपुरा में फायरिंग का भी आरोपी है। पूछताछ में सामने आया कि ये गैंग फर्जी सिम लेकर जयपुर के बिजनेसमैन की धमकी दे रही थी। ऋषभ शर्मा पीड़ित बिल्डर का पार्टनर भी रही चुका है।

एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया- 15 अप्रैल को बिल्डर योगेश सैनी के मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल आया था। इसमें बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। 50 लाख रुपए की मांग की थी। इस पर पीड़ित ने मानसरोवर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। घटना की गम्भीरता को देखते हुए साइबर सेल के कॉन्स्टेबल राकेश ने वर्चुअल नंबर के आईपी एड्रेस को ट्रेस किया। वर्चुअल नंबर में जिस आईपी एड्रेस पर उपयोग किया गया। उस मोबाइल की सिम की लोकेशन ट्रेस की गई। जो हिमाचल प्रदेश के शिमला की थी।

जिस पर एएसआई रामवीर और उनकी टीम को शिमला रवाना किया गया। यहां आरोपी ऋषभ शर्मा, उसके सहयोगी शिवम जांगिड़ (22), दीपक कुमार आल्हा (21) को पकड़ा गया। वहीं, एक अन्य आरोपी विंकल अरोड़ा को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। चारों बदमाशों ने अपना गुनाह कबूल किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी ऋषभ फायरिंग के मामले फरार है। जो जयपुर में अन्य आरोपी राज सिसोदिया, विंकल अरोड़ा के पास रहकर फरारी काट रहा था। राज सिसोदिया और विकल अरोड़ा ने ही ऋषभ शर्मा को धमकी देकर फिरोती मांगने के लिए कहा था। ऋषभ शर्मा तैयार हो गया।

इसके बाद आरोपी ऋषभ शर्मा, राज सिसोदिया, विंकल अरोड़ा ने जयपुर में पैसे वालों को धमकी देने की योजना बनाई।

लोकसभा आम चुनाव-2024

## सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में हो रही कार्रवाई : डॉ. प्रवीण गुप्ता

खबरों की दुनिया



**आचार संहिता लागू होने से अब तक 5,770 से ज्यादा शिकायतें**

**अवैध पोस्टर बैनर की शिकायतें सबसे ज्यादा**

**27 मिनट के औसत समय के साथ 3,060 शिकायतें निस्तारित**

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए 'सी-विजिल' एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर रिकॉर्ड समय में कार्रवाई हो रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक प्रदेशभर में 5,770 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से सही पाई गई 3,060 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। 3 शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। 1,782 शिकायतें जिला स्तरीय समिति और 925 शिकायतें रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा ड्रॉप कर दी गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल एप प्राप्त शिकायतों का 26 मिनट 59 सैकंड के औसत समय के साथ निस्तारण किया जा रहा है। 2,954 शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट से कम समय में किया गया है। गुप्ता ने बताया कि सी-विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 747 शिकायतें जोधपुर जिले से प्राप्त हुई, जिनमें से 553 शिकायतें सही पाई गई और इन सभी शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाता है। गुप्ता ने बताया कि अवैध पोस्टर-बैनर के लिए सबसे ज्यादा 3,216 शिकायतें की गई हैं, इनमें 2,407 शिकायतें सही पाई गई, जिन पर तुरंत कार्रवाई कर दी गई। उन्होंने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर पर्याप्त सबूतों के अभाव में कड़ी कार्रवाई से बच जाते थे। शिकायत के सत्यापन में तस्वीर या वीडियो के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य की कमी भी बाधा थी। नया एप इन खाइयों को पाटने का काम कर रहा है। 'सी-विजिल' किसी भी व्यक्ति को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में होगा कई गतिविधियों का आयोजन

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** चिकित्सा विभाग की ओर से 25 अप्रैल, गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। इस दिन विभाग की ओर से जिले में कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए है कि मलेरिया दिवस के तहत निदेशालय के निर्देशानुसार गतिविधियों का आयोजन करें। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम "ACCELERATING THE FIGHT AGAINST MALARIA FOR A MORE EQUITABLE WORLD" रखी गई है।

## वीजेसी ओपन माइक लीग के हुए ऑडिशन, गायन-वादन व मिमिक्री से दिखाई प्रतिभा

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** विनीत जैन क्रिएशन्स के बैनर तले जेएलएन, होटल क्लार्क्स आमेर के पास सिटी हाइट्स में वीजेसी ओपन माइक लीग के ऑडिशन हुए। इस मौके पर शहर की प्रतिभाओं ने गायन व वादन से अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाए।

विनीत जैन क्रिएशन्स के निदेशक विनीत जैन ने बताया कि इस मौके पर गरिमा वर्मा ने तबला बजाकर अपनी हुनर का दमखम दिखाया,वहीं राम सोनी ने बीटबॉक्सिंग से शो को अद्भुत बनाया,इधर अशोक कुमार, जो वर्तमान में यातायात पुलिस के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं, ने हमें हँसी के पल प्रदान किए। योगेश लखवानी ने मिमिक्री में अत्यधिक प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इन कलाकारों के अलावा आदिल खान, तनिष्क जैसे कलाकारों ने अपनी मजबूत गायन की प्रतिष्ठा बढ़ाई। इस सत्र के जजेज में रहे आरकेएस रोहित शर्मा और इमसी डेविड। उन्होंने बताया कि ओपन माइक लीग के अगले ऑडिषन आगामी 4 मई को दोपहर 1 बजे से साम 5 बजे तक पांच बत्ती स्थित 360 डिग्री में होंगे। इस दौरान 15 से 40 वर्ष की आयु वाले प्रतिभागियों को कविता, स्टैंड अप कॉमेडी, संगीत, गायन और कहानी सुनाने के लिए अपनी कलाओं का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

## नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा द्वारा की गई कार्यवाही, 4 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सुखवीर सिंह पुलिस निरीक्षक एवं राजबीर सिंह उप निरीक्षक सतर्कता शाखा की स्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में वार्ड संख्या 35 रेल लाईन की पटरियों के पास से एवं वार्ड संख्या 39 बृजमण्डल कॉलोनी कालवाड़ रोड से अवैध स्थाई अति मण को जेसीबी की सहायता से अवैध स्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त किया तथा सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा गणेश मन्दिर के सामने तख्तेशाही रोड़ कालवाड़ रोड़ झोटवाड़ा व लालकोठी सब्जी मण्डी के आसपास से अस्थाई अतिक्रमण करने पर 4 केन्टर सामान जप्त किया गया।

मध्य रेल

पुलों का निर्माण

ई-निविदा (खुली निविदा) सूचना क्र. सी.ए.ओ.सी-05-2024 दिनांक 19.04.2024

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मध्य रेल, छठवां माला, नया प्रशासनिक भवन, डी.एन.रोड, सीएसएमटी, मुंबई-400001, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली में) के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाईट **www.ireps.gov.in** (ई-टेन्डर पोर्टल) पर आमंत्रित करते हैं:- **कार्य का नाम:** कोरेगांव-रहिमतपुर-तारगांव ब्लॉक खंड और रोड ओवर ब्रिज 144/(सतारा यार्ड) व एल सी 7 में बड़े पुलों का बकाया निर्माण कार्य। पुणे मिरज डबलिंग परियोजना के संबंध में सतारा-मिरज खंड में प्लेटफॉर्म का निर्माण, पैदल ऊपरी पुल, सीओपी, फैंसिंग व अन्य विविध कार्य। (दो पैकेट प्रणाली में)। **निविदा की लागत:** रु. 66,97,02,794.00. **बयाना जमा राशि:** रु. 34,98,500.00. **निविदा फार्म की लागत:** लागू नहीं (जीसीसी अप्रैल 2022 पृष्ठ 4 पर खंड संख्या 3 के अनुसार). **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन. **पूर्णावधि:** मानसून अवधि सहित (आठ) महीने। **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता:** उपरोक्त कार्य के निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। **निविदा प्रस्तुत करने और खोलने की तिथि व समय:** संपूर्णतः विधिवत् भरी गयी ई-निविदाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर **14.05.2024** को **11.00** बजे तक इलेक्ट्रॉनिकली अपलोड की जानी चाहिए। ये निविदाएं (**केवल तकनीकि बिड**) इसी दिन **11.00** बजे के बाद खोली जाएंगी। **संयुक्त जोखिम करार फर्म:** संयुक्त जोखिम करार फर्म को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। **निविदाकारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना:** 1. निविदा संबंधी सभी कार्य संपूर्णतः केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही किया जाएगा। निविदा प्रस्तुत करने वाले सभी निविदाकारों को पहले आईआरईपीएस की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर करना होगा। 2. भावी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि अपना ऑफर इलेक्ट्रॉनिकली सबमिट करने से पहले, वे निविदा से जुड़ी नियम व शर्त, पात्रता मापदंड आदि विवरण ध्यानपूर्वक पढ़ लें। 3. निविदा दस्तावेज तथा समय-समय पर जारी होने वाले शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। यदि इस निविदा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो निविदा खुलने की तारीख से कम-से-कम 15 दिन पहले इस बारे में वेबसाइट पर जानकारी दी जाएगी। किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए /उपरोक्त पते पर अथवा उप मुख्य अभियंता(निर्माण)/सतारा, सतारा-415003 पर किसी भी कार्य दिवस को 10.00 बजे से 17.30 बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है। टिप्पणी:- यदि ई-निविदा सूचना के अंतर्गत किसी भी प्रकार के शब्द, नियम और शर्तों आदि में हिंदी और अंग्रेजी संस्करण में को भिन्नता पाई जाती है, तो उस स्थिति में, ई-निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण अंतिम माना जाएगा एवं लागू होगा। 47

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड झुंझुनूं

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की पुरानी कॉलोनी झुंझुनूं योजना में आवास संख्या 3/95 का आवंटन मण्डल द्वारा जारी आवंटन पत्र कमांक 824 दिनांक 20.12.1995 के द्वारा श्री हरलाल सिंह पुत्र श्री कालु सिंह को किया गया था। श्री हरलाल सिंह द्वारा उक्त आवास का दिनांक 30.04.1999 को कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तत्पश्चात मण्डल द्वारा उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र कमांक 3004 दिनांक 11.03.2011 को जारी कर दिया गया। श्री हरलाल सिंह की मृत्यु दिनांक 9.06.2015 को हो जाने के कारण उनके पुत्रगण 1. श्री उज्जवल सिंह 2. श्री उत्पल कुमार द्वारा उक्त आवास का अपंजीकृत घोषणा पत्र दिनांक 23.04.2024 को निष्पादित करा दिया गया। अतःउक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, 1. श्री उज्जवल सिंह 2. श्री उत्पल कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

आवासीय अभियन्ता- राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड झुंझुनूं

## समीक्षा बैठकः समग्र शिक्षा, शिक्षा में गुणवत्ता एवं समय सीमा पर करें फोकस : अविचल चतुर्वेदी

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता एवं कार्यों की समय सीमा का ध्यान रखें तथा शिक्षा निदेशालय सहित अन्य प्रकोष्ठों से समन्वय से कार्य करें। चतुर्वेदी बुधवार को शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा एवं स्टार्स परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने समय पर कार्यालयों में उपस्थित होने तथा ई-फाइल समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी पत्रावली बिना कारण के लम्बित नहीं रहे। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान नवाचार एवं कमजोर पक्ष की भी रिपोर्ट करें। विद्यार्थी डायरी की गुणवत्ता ठीक हो तथा समय पर वितरण सुनिश्चित करें।

विद्यालयों में खेल सामग्री की भी खरीद मॉनिटरिंग करें। शिक्षकों के क्षमता संवर्द्धन व प्रशिक्षण के लिए आर.ई.आई. पार्टनर्स के साथ समन्वय स्थापित कर संसाधन बढ़ाए जाए। विद्यार्थियों की प्रदेश व अन्य प्रदेशों की एक्सपोजर विजिट को प्रभावी एवं रूचिकर बनाने के लिए मार्ग में पड़ने वाले विशेष स्थानों तथा यात्रा स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विद्यार्थियों के अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान पर विशेष फोकस है, इसलिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। बैठक में अतिरिक्त परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर, सुरेश कुमार बुनकर सहित उपायुक्त, उप निदेशक एवं सहायक निदेशक उपस्थित रहे।




सूचना

मैं रोशन देवी पत्नी स्व. कंवर सिंह निवासी बेरला, जिला झुंझुनूं। यह कि मेरे पति कंवर सिंह का 30-12-23 को निधन हो गया। उनके नाम से एक वाहन आरजे-18-सीसी-9364 है। अतः उक्त वाहन को वारिसान की सहमति से मेरे नाम करवाना चाहती हूं। किसी को कोई आपत्ति है तो जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनूं में प्रस्तुत करें। जिसकी सारी जिम्मेदारी मेरी रहेगी।

# विरासत के विरोधी अब विरासत के पैरोकार, बढ़िया है!



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

सुना है अमेरिका में व्यक्ति के मरने के बाद उसकी संपत्ति का आधा हिस्सा सरकार के पास चला जाता है...बाकी के बच्चे हकदार होते हैं... सैम पित्रोदा ने एक टीवी चैनल पर बातचीत में विचार साझा किया तो हल्ला मचाओ जमात ने शब्द पकड़ लिए...अब शोर मचाए हैं...कहते हैं सामने वाले आए तो विरासत कर के नाम पर तुम्हारी संपत्ति हड़प लेंगे...कर भी बढ़ा देंगे...आईटी सेल के मुखिया तो ऐसे हल्ला मचाए हैं ...मानो सारा सब कल ही होने वाला है...बच्चों से लेकर नाती-पोते तक की चिंता कर डाली है...बता दें ये वही लोग हैं जो सार्वजनिक सभाओं में परिवारवाद की खिलाफत करते हैं...और दांव लगता है तो पीढ़ियों की चिंता सताती है...अगर परिवारवाद से नफरत है तो खुश होना चाहिए... विरासत कर से परिवारवाद कमजोर होगा...वैसे धार्मिक ग्रंथ गीता भी यही संदेश देती है...गीता में कहा गया है कि क्या साथ लाए थे...क्या साथ ले जाओगे...जो लिया है यहीं से लिया है...यहीं छोड़ कर जाना पड़ेगा..तो सनातनी को निश्चिंत हो जाना चाहिए...खुद से विरासत कर की पैरवी करनी चाहिए...हालांकि अभी यह विचार चर्चा में भी नहीं आया है...महज सैम पित्रोदा ने एक कार्यक्रम में इस पर बात की थी...इसी बात पर हंगामा हो गया है...दरअसल, कुछ लोगों को बात का बतगंड बनाने का हुनर हासिल है...ये सारे दिन इसी ताक में रहते हैं कि कोई मुद्दा हाथ लगे...सैम ने जैसे ही बात कही...इन्होंने लपक लिया...अब शोर मचाए हैं कि अगर ये सत्ता में आ गए तो ऐसा कर देंगे..वैसा कर देंगे... यानि ये एक तरह से मान रहे हैं कि ये सत्ता में नहीं आ रहे...वरना तो चार सौ पार का दावा करने वालों को ऐसी बातें शोभा नहीं देतीं...तो ये विरासत कर का डर दिखा रहे हैं...अलबत्ता हिंदुस्तान में एक कानून पहले से ही है..अगर इसे अक्षरतः लागू कर दिया जाए



तो आधी तो क्या पूरी संपत्ति ही परिवार के हाथ से जा सकती है...अर्थात यहां मकान-दुकान-जमीन की लीज 99 साल के लिए होती है...सरकार चाहे तो 99 साल बाद

> विरासत पर सवाल खड़ा करने वाले विरासत की पैरवी पर उतर आए हैं...सैम ने एक टीवी शो में जरा सा हवाला क्या दे दिया...चार सौ पार का दावा करने वालों को कुनबे की चिंता सता रही है...दौलत की फिक्र हो रही है...आईटी सेल प्रमुख को तो पोते-पोतियों की चिंता सता रही है...यह अलग बात है कि यहां पहले से ही लीज कानून है...अगर इसे अक्षरत- लागू कर दिया जाए तो बड़े-बड़ों के नीचे से जमीन खिसक सकती है!

संपत्ति को ले सकती है...कुछ गलियां हो सकती हैं लेकिन जाहिर तौर पर हर मकान-दुकान-जमीन मालिक जानता है कि उसे 99 साल के लिए लीज के अधिकार मिले हैं...बावजूद इसके आज तक कोई ऐसा उदाहरण नहीं आया कि सरकार ने व्यवस्था का हवाला देते हुए जमीन छीनी हो...सार्वजनिक हित के मद्देनजर अलग बात है...

वरना तो पीढ़ियां गुजर गईं...मालिक बदलते आ रहे हैं...जब लीज से घबराहट नहीं तो फिर विरासत कर पर इतनी हायतौबा क्यों?


लेकिन जमात का काम है हंगामा करना...तो ये हंगामा कर रहे हैं...इनका काम है छवि खराब करना तो ये काम भी बखूबी कर रहे हैं....

चुनावी मौसम में अक्सर ऐसे मुद्दों को हवा दी जाती है...सामने वाले संविधान बदलने की तोहमत लगाए थे...तो अब ये विरासत कर को हवा दे रहे हैं...परिवारवाद का मखौल उडाने वालों को अचानक परिवार बाद की चिंता सता रही है...

सच तो यह है कि हिंदुस्तान अमेरिका नहीं...यहां राम के नाम पर सैलाब आ जाता है...विरासत कर की चर्चा मात्र से ही जलजला आ जाएगा... सबसे पहले तो नेता-नांगल ही कुर्सियां तोड़ेंगे...अथाह दौलत इनके ही तहखानों में भरी है...आम गरीब को इससे कोई फर्क नहीं पड़ना...ये तो दो पैसे बचाते थे...ज्यादा से ज्यादा वे बचाना कम कर देंगे...या बंद कर देंगे...कौनसी अरबों की संपत्ति है जिसके जाने का डर सताए...तो निश्चिंत रहें...ना विरासत कर लगेगा...ना हिंदुस्तान अमेरिका बनेगा...चुनाव हो जाने दीजिए...कोई इस पर बात भी नहीं करेगा ...इस बात की गारंटी है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# विज़न 2047 की नींव हमारी बौद्धिक,शारीरिक प्रतिभाओं को विदेशों में पलायन से रोकने सख्त नियम बनाना जरूरी



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर यह जग प्रसिद्ध है कि भारत मानवीय, बौद्धिक, शारीरिक प्रतिभाओं की खान है। इसके सटीक प्रमाण के रूप में हम देख सकते हैं कि यूरोपीय संघ के अनेक देशों में बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ याबड़े-बड़े अधिकारी मूल भारतीय हैं,इस तरह अगर हम 54 देश के अफ्रीकी यूनियन 53 देश के इस्लामिक सहयोग संगठन में देखे तो भारतीय प्रतिभावान श्रम हमें अधिक देखेगा इस तरह हम अगर उच्चप्रतिभावान भारतीय डॉक्टरों इंजीनियरों को देखें तो वह भी अमेरिका जैसे विकसित देश में बहुत अधिक हैं जिसका प्रमाण मैं अपने रिश्तेदारों के दे सकता हूं कि बहुत टैलेंट इंजीनियर आज अमेरिकी कंपनी में बड़ी पोस्ट पर है,जो पूरा परिवार अमेरिकी नागरिक बन चुका है।

इस विषय पर चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं, चूंकि दिनांक 22 अप्रैल 2024 को यूरोपीय संघ ने अपने 29 सदस्य देशों के वीजा नियमों को बेहद आसान कर दिया है जो खासकर भारतीयों के लिए बहुत सुविधाप्रद व आसान है। खास करके मल्टी सेलिंग वीजायूरोपीय संघ ने हाल ही में भारतीय नागरिकों के लिए विशेष रूप से तैयार एक अपडेटेड वीज़ा सिस्टम शुरू किया है।

यह नया सिस्टम भारतीय नागरिकों के लिए है। यूरोपीय संघ ने इस बात की जानकारी दी है, यूरोपीय संघ की तरफ से जारी बयान में कहा गया है,जो भारतीय कम समय के लिए शेंगेन वीजा के लिए अप्लाई करते हैं, उन्हें इस नये वीजा नियम के तहत पांच सालों के लिए वीजा मिल सकता है। यह उन लोगों पर लागू होगा जो पहले से ही कई देशों में जा चुके हैं।

कुल मिलाकर इसमें भारतीय प्रतिभावान आकर्षित होंगे और अपनी पलायन की हसरत को अंजाम देने की भरपूर कोशिश कर सकते हैं।अमेरिका की एक एक उद्योग एजेंसी अनुसंधान सेवा कर्स की वित्तीय वर्ष 2022 के लिए अमेरिका की नागरिक नीति पर 15 अप्रैल 2024 को नवीनतम रिपोर्ट जारी की जिसमें वर्ष 2022 में 959380 व्यक्ति अमेरिकी नागरिक बने हैं,जिसमें भारत का स्थान दूसरे नंबर पर है जिसके 65960 लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली है।

मेरा मानना है कि इसमें अनेक प्रतिभाएं ऐसी होगी, जो हमारे विजन 2047 की नींव का एक हिस्सा हो सकती थी। चूंकि यूरोपीय संघ के 29 देशों के वीजा नियम बेहद आसान हुए हैं,जो खासकर भारतीयों के पक्ष में है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विजन 2047 की नीव हमारी बौद्धिक शारीरिक प्रतिभाओं को विदेशों में पलायन से रोकने सख्त नियम बनाने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम यूरोपीय संघ द्वारा अपने वीजा नियमों में बदलाव से भारतीयों के लिए वीजा बेहद आसान होने की करें तो, यूरोपीय आयोग ने भारतीय नागरिकों के लिए मौजूदा नियमों में कुछ बदलाव किए हैं।

भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने नई वीजा व्यवस्था को दोनों पक्षों के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बताया है। वीजा मानदंडों में यह बदलाव यूरोपीय संघ और भारत के बीच मजबूत संबंधों को देखते हुए लिया गया है।

वीजा जारी करने पर विशिष्ट नियम अपनाए,यूरोपीय संघ ने कहा, 18 अप्रैल को यूरोपीय आयोग ने भारतीय नागरिकों को मल्टीपल एंट्री वीजा जारी करने पर विशिष्ट नियम अपनाए हैं।

ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों की तुलना में अधिक अनुकूल हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए मल्टीपल एंट्री शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

यह 90 दिनों के लिए जारी किया गया एक शॉर्ट स्टे यानी कम अवधि वाला वीजा होता है और इससे किसी को भी यूरोपीय देशों में यात्रा करने की अनुमति मिल जाती है। पहले भारत के लोगों को तीन साल में दो बार वीजा लेना पड़ता था, लेकिन हाल ही में लागू हुए नियमों के मुताबिक भारतीयों को मल्टीपल एंट्री शेंगेन वीजा मिलेगा, इससे वीजा पर आने वाला खर्च कम होगा।

नए नियमों के मुताबिक, भारत के नागरिक अब लॉन्ग-टर्म, मल्टी एंट्री शेंगेन वीजा के लिए एलिजिबल होंगे और वह लंबी वैलेडिटी के साथ दो साल के वीजा के लिए, आपके पास पहले तीन साल में कानूनन हासिल किए गए दो वीजा होने चाहिए, इसके बाद, अगर हमको पासपोर्ट में सही वैलेडिटी बाकी है तो हमको पांच-साल का वीजा मिल सकता है।

इन वीज़ा की वैधता अवधि के दौरान, धारकों को वीज़ा-फ्री नागरिकों के बराबर ट्रेवल के अधिकार दिए जाते हैं, इसका मतलब यह है कि वे अलग-अलग वीजा की जरूरत के बिना शेंगेन देशों में कई बार आ-जा सकते हैं।

इस व्यवस्था को लागू करने का उद्देश्य यूरोपीय संघ और भारत के बीच माइग्रेशन पॉलिसी पर व्यापक सहयोग को बढ़ावा देना है। शेंगेन वीजा धारक को शेंगेन एरिया में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने की अनुमति देता है, जिसमें 29 यूरोपीय देश शामिल हैं, जिनमें 25 यूरोपीय संघ के सदस्य देश और चार गैर-ईयू देश (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड) शामिल हैं।

ये वीज़ा किसी भी 180-दिन की अवधि के भीतर 90 दिनों तक के शॉर्ट स्टे की अनुमति देते हैं।यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि शेंगेन वीज़ा किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए नहीं है, इसका उपयोग पर्यटन, व्यवसाय या दोस्तों और परिवार से मिलने के लिए किया जा सकता है। हालांकि, इस वीजा से शेंगेन एरिया के भीतर काम करने का अधिकार नहीं मिलता है, यह वीज़ा व्यवस्था यूरोप के भीतर यात्रा को सरल बनाती है, क्योंकि यात्रियों को हर एक देश के लिए अलग-अलग वीज़ा लेने के बजाय, शेंगेन क्षेत्र के भीतर कई देशों की यात्रा के लिए सिर्फ एक वीज़ा की जरूरत होती है।

साथियों बात अगर हम इस वीजा आसान स्थिति को भारतीय प्रतिभा पलायन के दृष्टिकोण एंगिल से देखें तो, प्रतिभा पलायन एक ऐसी घटना है जहां अत्यधिक कुशल और प्रतिभाशाली व्यक्ति बेहतर अवसरों और दूसरे देश में उच्च जीवन स्तर की तलाश के लिए अपना देश छोड़ देते हैं। इसके परिणामस्वरूप घरेलू देश के लिए मानव पूंजी की हानि हो सकती है और आर्थिक वृद्धि और विकास पर असर पड़ सकता है, सबसे प्रतिभाशाली और सर्वश्रेष्ठ भारतीयों को यूके में सॉफ्टवेयर, इंजीनियरिंग या अन्य व्यवसाय स्थापित करने का अवसर प्रदान करने की कल्पना करें।

यदि उनमें से केवल एक अंश ही आता है तो एक संभावित अरबपति 10, हज़ार कम कुशल श्रमिकों की तुलना में अधिक नौकरियां और कर प्राप्तियां उत्पन्न कर सकता है।

साथियों बात अगर हम ब्रेन ड्रोन की करें तो, यह शब्द समाज के अत्यधिक बौद्धिक लोगों जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और अन्य प्रशिक्षित लोगों के बेहतर जीवन की तलाश में विकसित देशों में बड़े पैमाने पर प्रवास के लिए गढ़ा गया है।

प्रतिभा पलायन भारत और कई अन्य विकासशील देशों के सामने एक बड़ी समस्या है, जो इन लोगों को प्रशिक्षित करने में अपने संसाधनों की बड़ी मात्रा खर्च करते हैं, लेकिन बदले में उन्हें कुछ नहीं मिलता है क्योंकि ये बुद्धिजीवी विकसित देशों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।

प्रतिभा पलायन के कई कारण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है किसी देश द्वारा अपने लोगों की प्रतिभा को पहचानने में असमर्थता।

भारत में हर साल सैकड़ों इंजीनियर और डॉक्टर स्नातक होते हैं, जिन्हें ज्यादातर बहुत कम पारिश्रमिक मिलता है या उन्हें अन्य क्षेत्रों में काम करने के लिए अपने संबंधित क्षेत्रों को छोड़ना पड़ता है, ये कर्मी फिर विदेशों में नौकरियों की तलाश करते हैं जहां उन्हें आकर्षक प्रस्ताव दिए जाते हैं।

साथ ही, विकासशील देशों में जीवन की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि इन लोगों को विकसित देशों में बेहतर शिक्षा सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं आदि मिल सकती हैं।

उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए देश छोड़ने वाले कई स्नातक कभी देश में वापस नहीं आते क्योंकि उन्हें ज्यादातर विकसित देशों में अच्छी नौकरियां मिल जाती हैं। विकासशील देशों में ज्यादातर उन्नत अनुसंधान और विकास के लिए सुविधाओं का अभाव है और इसके कारण अत्यधिक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक देश छोड़कर चले जाते हैं।

गूगल या माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, जैसे नोबेल पुरस्कार विजेता, ब्रेन ड्रेन के कारण हमारे देश को होने वाले नुकसान के उदाहरण हैं, जो अगर देश में काम कर रहे होते और सेवा कर रहे होते तो देश के विकास में बहुत योगदान दे सकते थे।

वास्तव में, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत से सबसे अधिक मस्तिष्क लाभ प्राप्त करने वाला देश रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम प्रतिभाओं की पहचान करना और इन लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचे और सेवाओं का प्रावधान करना होगा।

सरकार को स्कूली पाठ्यक्रम में इसे शामिल करके अपनी मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता की भावना पैदा करके बच्चों के युवा मन में राष्ट्र की सेवा करने का विचार पैदा करना चाहिए, जिससे उन्हें युवा होने पर राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका का एहसास हो सके।

अंततः यह कहा जा सकता है कि प्रतिभा पलायन की समस्या का समाधान देश की जनता और सरकार के संयुक्त प्रयासों से ही किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम वित्त वर्ष 2022 में भारतीयों के अमेरिका पलायन यानें नागरिकता प्रदान करने की करें तो वर्ष 2022 में कम से कम 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिकी नागरिक बन गए और इसी के साथ जिन देशो के लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली है, उनकी संख्या के मामले में भारत मेक्सिको के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया।

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अमेरिकी सामुदायिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में विदेशी मूल के अनुमानित चार करोड़ 60 लाख लोग अमेरिका में रहे जोअमेरिका की कुल 33 करोड़ 33 लाख आबादी का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है।

स्वतंत्र कांग्रेशनल अनुसंधान सेवा (सीआरएस) की वित्त वर्ष 2022 के लिए यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी (अमेरिकी नागरिकता नीति) पर 15 अप्रैल की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 में 9,69,380 व्यक्ति अमेरिकी नागरिक बने।

रिपोर्ट में कहा गया,अमेरिकी नागरिकता पाने वाले लोगों में मेक्सिको में पैदा हुए लोगों की संख्या सबसे अधिक रही।

इसके बाद भारत, फिलीपीन,क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोगों को सर्वाधिक संख्या में अमेरिकी नागरिकता मिली।

सीआरएस ने बताया कि 2022 में मेक्सिको के 1,28,878 नागरिक अमेरिकी नागरिक बने। उनके बाद भारत (65,960), फिलीपीन (53,413), क्यूबा (46,913), डोमिनिकन गणराज्य (34,525),वियतनाम (33,246) और चीन (27,038) के लोगों को अमेरिकी नागरिकता मिली। उसने बताया कि 2023 तक विदेशी मूल के अमेरिकी नागरिकों में भारत के लोगों की संख्या 2,831,330 थी जो मेक्सिको के (10,638,429) के बाद दूसरी सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद इस सूची में चीन (2,225,447) का नंबर है। सीआरएस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका में रहने वाले भारत में जन्मे लगभग 42 प्रतिशत विदेशी नागरिक वर्तमान में अमेरिकी नागरिक बनने के लिए अयोग्य हैं।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत से विदेशों में बौद्धिक शारीरिक प्रतिभा पलायन को सख्ती से रेखांकित करना समय की मांग।

भारतीयों के लिए अब यूरोपीय संघ के 29 देशों के वीजा नियम बेहद आसान हुए। विज़न 2047 की नींव हमारी बौद्धिक शारीरिक प्रतिभाओं को विदेशों में पलायन से रोकने सख्त नियम बनाना ज़रूरी है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### भौतिकवाद का परचम, अदृश्य नैतिक सिद्धांत

# संयम के साथ सच का साथ दीजिए



संजीव ठाकुर
चिंतक व लेखक

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींद्य यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है। और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है। प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैद्य भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है। व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैद्य समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है।

आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है।

आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे।

आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का औचक निरीक्षण





**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल चिकित्सकीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि की साफ- सफाई का जायजा लिया तथा कारागृह के बंदियो से रूबरू होकर उनके प्रकरणों से संबंधित जानकारी ली।

जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण मे पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नही है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक को अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय को अवगत करावे तथा उनके माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर को भिजवावे जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके।

इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होने सजा के खिलाफ अपील नही की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा।

इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सुनीता मीणा, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के कनिष्ठ लिपिक प्रदीप शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी, जेलर पूरन सिंह हैडकॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# जिले को अनीमिया मुक्त बनाने के लिए मनाया शक्ति दिवस

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

राजस्थान को अनीमिया मुक्त करने हेतु प्रदेश भर में प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाता है इस मंगलवार को जिले में स्थानीय अवकाश होने के कारण बुधवार को सरकारी विद्यालयों, आयुष्मान स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्रों शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि आज शक्ति दिवस पर बच्चों, किशोर- किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं के लिए अनीमिया मुक्ति से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें अनीमिया की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरुकता के लिए विभिन्न विभागों की सहभागिता से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गौरव मीणा ने बताया जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सरकारी विद्यालयों में आज शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत लक्षित लाभार्थियों में 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, किशोर-किशोरियां, 20 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं को शामिल किया गया है। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के दौरान आशा सहयोगिनियों द्वारा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को, 5 से 9 वर्ष के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों को, 10 से 19 वर्ष की विद्यालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं को एवं गर्भवती महिलाओं को एवं धात्री माताओं को आँगनबाडी केन्द्र पर मोबिलाईज किया गया। आशाओं द्वारा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को 1द्वद्य आईएफए सिरप पिलाई तथा, 5 से 9 वर्ष के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोली खिलाने का कार्य किया गया। अभियान में 10 से 19 वर्ष की विद्यालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को आईएफए की नीली गोली खिलाई गई। 6 माह से 59 माह तक के बच्चों की 5 से 9 वर्ष के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों की 10 से 19 वर्ष की विद्यालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं, 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की अनीमिया हेतु स्क्रीनिंग शारीरिक लक्षणों के आधार पर करने का कार्य अभियान के दौरान किया गया।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दिशा-निर्देशानुसार 10 से 19 वर्ष तक की विद्यालय नहीं जाने वाली किशोरी बालिकाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आईएफए की नीली गोली खिलाने का कार्य किया जा रहा है।जिले को अनीमिया मुक्त बनाने की दिशा मे यह अभी राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस अभियान का लगातार आयोजन किया जा रहा है।

# पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

जिले में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसके नंबर 05642-220715 है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित रहेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता रामप्रकाश गुप्ता को कंट्रोल रूम का प्रभारी नियुक्त किया गया है जिनके मो.नं 9414712645 है। आमजन पेयजल संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं अथवा जरिए व्हाट्सएप मैसेज भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# प्रशासन ने नाबालिग लड़की की शादी रुकवाई

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

कनासिल में दो बेटियों की हो रही शादी में से एक बेटी नाबालिग थी, सूचना पर प्रशासन हरकत में आ गया और नाबालिग की शादी को रुकवा दिया गया। हुआ यूं एक व्यक्ति अपनी दो बेटियों की शादी एक साथ कर रहा था जिसमें एक नाबालिग थी। मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और नाबालिग की शादी को रुकवा दिया। संबंधित हल्का पटवारी, गिरदावर एवं बीट कॉन्स्टेबल को तैनात कर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

हल्का पटवारी कुलदीप परमार ने बताया कि जिला प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई कि सैपऊ उपखण्ड क्षेत्र के गांव कनासिल में एक व्यक्ति अपनी दो बेटियों की शादी कर रहा है। बड़ी बेटी की शादी गांव कनासिल एवं छोटी नाबालिग की शादी धौलपुर के गायत्री गार्डन से की जा रही है। जिला कलेक्टर के आदेशों पर पुलिस और प्रशासन की टीम गांव कनासिल पहुंच गई और जहां पर एक घर में शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने जब दोनों बेटियों के आयु संबंधित दस्तावेज मांगे तो बड़ी बेटी बालिग थी जबकि छोटी बेटी नाबालिग पाई गई। प्रशासन ने छोटी बेटी की आयु लगभग 14 साल होने पर पिता एवं परिजनों को शादी नहीं करने के लिए पाबंद कर दिया है। उधर वर पक्ष को भी नाबालिग बेटी की बारात नहीं लाने के लिए पाबंद किया गया है।

हल्का पटवारी ने बताया कि छोटी नाबालिग बेटी की शादी का कार्यक्रम धौलपुर के गायत्री गार्डन में चल रहा था जहां शादी को रुकवा कर पुलिस और प्रशासन की टीम तैनात की है।

# सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ में उमडे श्रद्धालु

**खबरों की दुनिया**



**निवाई।** जमात में स्थित पेट्रोल पंप के सामने श्रीमनसा पूर्ण बालाजी महाराज के मंदिर में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा व भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड उड पडी। मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि आयोजन कर्ता बालाजी भजन मंडली के सदस्य योगेश गौतम, लक्ष्य शर्मा, राहुल शर्मा, गौरव गौतम, निखिल शर्मा, विशाल सैनी, अभिषेक गुप्ता, अनुराग शर्मा, गौरव शर्मा, निखिल जांगिड़, योगेश जांगिड़, गौरव जांगिड़, मोहित शर्मा व अनुराग शर्मा सहित कई भक्तो के सहयोग से बालाजी के चौला चढाकर भव्य आयोजन किया गया।

# बस्सी में वोट इंडिया वोट-डोर टू डोर किया संपर्क

**खबरों की दुनिया**



**निवाई।** रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशन में लोकसभा चुनाव में वोट इंडिया वोट को लेकर ग्राम पंचायत बस्सी के अधीन समस्त विद्यालयों के शिक्षकों ने मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क कर पीले चावल देकर आमंत्रित किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कुसुम कौशिक ने बताया कि आओ बूथ चले अभियान में बीएलओ ने भी घर-घर पर्चियां के साथ वाटर मार्गदर्शिका लोगों वितरित की। गांव में हेलाटोली टीम वॉलिंटियर्स भी इस कार्य को पूरा करने हेतु दिनभर सहयोग देते रहे है। गुरूवार को भी पूरे दिन ब्लॉक लेवल अधिकारी के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी जनसंपर्क करेंगे ताकि शत प्रतिशत मतदान कराया जा सके। इसके लिए नवीन वोटर को भी प्रोत्साहित किया गया सभी मतदाताओं को बूथ तक लाने की कोशिश की जा रही है।

# दुर्घटनाओं में चार लोग हुए घायल

**बाड़ी ● खबरों की दुनिया**

शहर में हुए हादसों में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को बाड़ी शहर के सामान्य अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां से एक महिला और एक युवक को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

धौलपुर के दिहोली थाना क्षेत्र के पहाड़ी मरैना गांव निवासी दो महिला और एक पुरुष बाइक से बेरा बाबा के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान शहर के शहर के उमरेह रोड पर बाइक दूसरे बाइक सवार से टकरा गई। हादसे में दो महिला और एक पुरुष घायल हो गए, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। घटना में घायल एक महिला गंभीर है, जिसे धौलपुर रेफर किया है। अस्पताल में भर्ती घायल महिला आशा पत्नी निरंजन ने बताया कि वह अपनी ननद कमलेश और पति निरंजन के साथ विशिनगिर (वेरा) बाबा के दर्शन करने गई थी, जहां से बाइक द्वारा वापस लौट रहे थे। इस दौरान बाड़ी के उमरेह मोड पर अचानक से दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।

दुर्घटना में दूसरी बाइक पर सवार युवक भी सड़क पर गिरे, लेकिन वह उठकर भाग गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में घायल उनकी ननद कमलेश पत्नी रिंकू नाई की हालत खराब है जिसे धौलपुर रेफर किया है। वही दूसरी सड़क दुर्घटना शहर के धनोरा रोड पर गुरुद्वारा के पास हुई है। जहां एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। उक्त दुर्घटना में घायल 25 वर्षीय हमीद पुत्र निसार खां निवासी गुमट बाड़ी को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है।

# टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा के लिए मतदान कल, चुनावी शोर थमा

**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को होंगे, जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार शाम को छ- बजे चुनावी शोर थम गया है। प्रत्याशी अब किसी जन सभा के बजाए डोर-टू-डोर सम्पर्क में जुट गये है।

मतदान से 48 घण्टे पहले जन सभा, रैली, जुलूस की भी अनुमति नही होगी। 26 अप्रेल को मतदान के नतीजे 4 जून को आएंगे।

दूसरे चरण में संसदीय क्षेत्र के लिए हो रहे चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच है। ऐसे में मतदान से पहले दोनों दलों के प्रत्याशियों ने जनता को अपने पाले में लाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। जैसा कि भाजपा से मौजूदा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया तो कांग्रेस से हरीश मीणा चुनावी मैदान में है। हालाकि कुल 11 प्रत्याशी इस संसदीय क्षैत्र में चुनाव लड़ रहे है, किन्तु भाजपा एंव कांग्रेस में ही सीधी टक्कर तय है।

# बस्सी स्कूल में महापुरुषों की जीवनी पुस्तके बच्चों के लिए बनी प्रेरणा स्रोत



**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बस्सी को अंत्योदय फाउंडेशन से 20 महापुरुषों की बायोग्राफी नि:शुल्क मिली है। जिन्हें पढ़कर विद्यालय के विद्यार्थी प्रेरित होंगे। प्राचार्य डॉ. कुसुम कौशिक ने बताया कि महापुरुषों के जीवन से हमें जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त होती है। प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है व कैसे जीवन जीना है इसका बोध होता है। विद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष रजनी मीणा ने बताया कि महापुरुषों के जीवन के अनुभव ऐसे हैं कि उनके विचार जीवन को विपरीत परिस्थितियों में भी हमें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान रामराज मीणा, अमरीन खान, हरकेश मीणा, सुरेश कुमार बैरवा, प्रहलाद वर्मा, राजीव योगी, हनुमान प्रसाद मीणा व पीटीआई मीनाक्षी गुर्जर सहित कई छात्र छात्राए मौजूद थे।

# न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन आया हरकत में

## जगदीश तिराहे से लेकर गुलाब बाग तक हटाया अतिक्रमण

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

शहर में जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए पूर्व में राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा अतिक्रमण हटाने के दिए आदेश पर बुधवार को प्रशासन हरकत में आ गया और जगदीश तिराहे से लेकर गुलाब बाग तक अस्थाई अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया।







गौरतलब है कि यूं तो शहर में हर जगह लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखे हैं। लेकिन बुधवार को प्रशासन ने जगदीश तिराहे से लेकर गुलाब बाग तक अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया है। इस कार्यवाही से अतिक्रमियों में खलबली मच गई। बुधवार को शहर में जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए पुलिस एवं नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शहर के गुलाब बाग चौराहे से लेकर जगदीश तिराहे तक अवैध रूप से खड़े हथठेले को हटाने के साथ साथ नगर परिषद ने दुकानों के सामने अस्थाई अतिक्रमण कर रखे सामान को जब्त कर लिया तथा जेसीबी से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेन्द्र रावत के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि पूर्व में राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए। जिसके साथ ही धौलपुर शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए पिछ्ले कुछ दिनों से नगर परिषद के साथ पुलिस की टीम लगातार दुकानदारों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की अपील कर रही थी। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि बरसात के मौसम में अस्थाई अतिक्रमण की वजह से जल भराव की समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि जलभराव के साथ जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि बुधवार को शुरू किया गया अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के तहत शहर भर के सभी हिस्सों से अतिक्रमण हटाकर जाम के साथ ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जाएगा। शहर में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर परिषद कर्मचारियों के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। शहर का ऐसा कोई हिस्सा नहीं है जहां पर लोगों ने अतिक्रमण न किया हो अब देखना ये है कि प्रशासन किस किस जगह तक अतिक्रमण को हटाएगी। अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासन को उन पर नजर रखनी पड़ेगी नहीं तो वे लोग दुबारा से अतिक्रमण कर लेंगे। इस कार्यवाही में अधिशाषी अभियंता बृज मोहन सिंघल, कुलदीप सिंह राजस्व अधिकारी, प्रकाश श्री वास्तव, मोहित शर्मा सहायक नगर नियोजक, नीरज शर्मा निजी सचिव, अनिल कुमार एवं महेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।





# बालकों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** भगवान श्रीराम के परम भक्त पवन पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव को लेकर जगदंबा कॉलोनी द्वितीय में फिटनेस क्लब के तत्वावधान में हनुमानजी के चित्रपट के समक्ष दीपक जलाकर पूजा अर्चना कर शुरुआत की। क्लब संचालक अशोक लांगडी ने बताया भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर बालकों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान महाआरती, सुंदरकांड, रामायण पाठ व रामधुनि का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तान में बच्चे भक्ति भाव व भारतीय संस्कृति से दूर जा रहे हैं। दिनभर बालक मोबाईलों में व्यस्त रहते है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चो में भक्ति भाव व आस्था की भावना उत्पन्न होती है।

# स्वीप गतिविधियों के क्रियान्वन के लिए अधिकारियों और व्यापारियों के ली बैठक

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आगामी लोक सभा आम चुनाव के अन्तर्गत दिनांक 26 अप्रेल को मतदान होना है। जिसके मध्येनजर बुधवार को उपखण्ड अधिकारी रावतभाटा की अध्यक्षता में उपखण्ड कार्यालय के सभागार में, एनपीसीआईएल, हेवी वाटर प्लांट के उच्चाधिकारियों, उपखण्ड रावतभाटा के समस्त व्यापार मण्डल के सदस्यों, श्रमिक संगठनों, ऑटो चालक यूनियन, के पदाधिकारियों के साथ लोक सभा आम चुनाव के लिये स्विप गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष व्यापार मंडल एवं उपस्थित सभी



सदस्यों द्वारा अपनी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने स्विप संबंधी पोस्टर अपनी-अपनी दुकानों पर चस्पा करने की सहमति जाहिर कि।

श्रमिक ठेकेदारों द्वारा अपने श्रमिकों को मतदान दिवस को मतदान में बढ चढ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करने की सहमति जाहिर की। ऑटो चालक यूनियन के सदस्यों द्वारा अपने ऑटो रिक्शा के पीछे स्विप संबंधी पोस्टर लगाने एवं आने वाली सवारियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की सहमति जताई। मानव संसाधन प्रमुख, एन पी सी आई एल हेवी वाटर द्वारा सहमति जाहिर कि गई की वह संबंधित आवासीय कॉलानियों में शत प्रतिशत मतदान करवाने की सुनिश्चितता करेंगे। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका मुकेश नागर, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एन पी सी आई एल डेजी कुमार, प्रशासनिक अधिकारी, हेवी वाटर प्लांट संतोष खरे, व्यापार संघो ऑटो चालक यूनियन एवं श्रमिक संघठनों के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता हुई आयोजित




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा 6 से 10 तक के लिए पारम्परिक वेशभूषा की प्रतियोगिता आयोजित हुई।

विद्यालय की पाठ्य-सहगामी गतिविधि प्रभारी पूर्णिमा भकत ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही आकर्षक परिधान धारण कर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दीं। कोई मणिपुरी, कोई गुजराती, कोई राजस्थानी, कोई गोवानी, कोई महाराष्ट्र, कोई तमिलनाडु, कोई उत्तर प्रदेश, कोई उत्तराखंड, कोई छत्तीसगढ़, कोई केरल, कोई कशमीरी, कोई पंजाबी, कोई आंध्रा, कोई तेलंगाना, कोई मध्यप्रदेश कोई कोई बंगाली आदि देश के सभी प्रान्तों की सुंदर पारम्परिक वेशभूषा में मंच पर आए तथा भारत की मनोरम छटा बिखेरी और सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

इन प्रस्तुतियों की कार्यक्रम में उपस्थित उप-प्राचार्य मुकुन्द देवधर, सभी निर्णायाकों ने खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में निर्णायक जयवर्धन भटनागर, डॉ. रिंकू गुप्ता व अजय कुमार रहे, वहीं सीनियर वर्ग के निर्णायक भारती जैन, प्रीति कुमारी व हुमेरा ज़ीनत रही। कार्यक्रम संचालन आशा गिरी ने किया।

खबरों की दुनिया
**एक नजर**

## विद्यार्थियों ने निकाली मतदान जागरूकता रैली



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3 में बुधवार को उप-प्राचार्य एवं प्रभारी सन्देश कुमार राय के निर्देशन में कक्षा 6 से 9 के विद्यार्थियों के द्वारा भारी पानी संयंत्र आवासीय कॉलोनी में मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें कॉलोनी के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रभारी एवं उप-प्राचार्य के द्वारा झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली में विद्यालय शिक्षक चित्रांग ज्वाला, ऋषि कमल, बजरंग लाल मीणा, अनिल बंजारा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वय शिखा चौरसिया ने किया, जिसमें गौरव सहरावत ने सहयोग किया।

## बाल संस्कार केंद्र के बच्चो ने किया जागरूक, हनुमान जन्मोत्सव मनाया




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर चारभुजा के द्वारा चलाए जाने वाला सरस्वती बाल संस्कार केंद्र चंद्रपुरिया बस्ती में बुधवार को मतदान जागरूकता रैली निकाली गईद्य संस्कार केंद्र पालक कुमोद कवर ने बताया कि संस्कार केंद्र के बच्चो द्वारा चंद्रपुरिया बस्ती में मतदान जागरूकता रैली निकाली। जिसमें बच्चों ने तरह-तरह के स्लोगन लिखकर जागरूकता का संदेश दिया। उसके पश्चात रामदेवजी के मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य सीमा व्यास ने हनुमानजी के जन्म की कहानी सुनाइ एवं भैया बहनों को प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम में संस्कार केंद्र संचालिका निशा मेघवाल, मनभरता मीणा, बीनू पंचोली, मीनाक्षी परमार, नीलम राघव, गोविंद वर्मा, सन्तोष कवर सहित चंद्रपुरिया की प्रबुद्ध महिलाएं सम्मिलित रही।

## श्रद्धालय पब्लिक स्कूल मे हुआ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** श्रद्धालय पब्लिक स्कूल में बुधवार को भाषण प्रतियोगिता इलोक्यूशन का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी भाषण क्षमता का परिचय दिया।

प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के साथ अपने विचारों को सुव्यस्थित करते हुए विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव साझा किए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान किया गया। जिससे उनमें भाषा, विचारों एवं अभिव्यक्ति के प्रति एक जागरूकता उत्पन्न हो। विद्यार्थियों की वाक कला और नन्हे वक्ताओं के भाषणों को सराहा गया। प्रत्येक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं को स्वर्ण व रजत पदक से पुरुस्कृत किया गया।

## सेवा भारती ने मतदान के लिए रंगोली बनाई

### - सदर ने की समाज से अपिल

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** सेवा भारती की कार्यक्रम प्रमुख अंजू कँवर ने बताया कि सेवा भारती बाल संस्कार केन्द्र रावत बस्ती के विद्यार्थीयो ने बस्ती में मतदान हेतु जागरूकता रैली निकाली एवं बस्ती में रंगोली बनाकर मतदान की अपील की। इस दोरान बस्ती के लोगो से अपील की पहले मतदान फिर जलपान के नारे को हम सभी को सार्थक करना है। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष मंनोज मलिक तहसील मंत्री आकांक्षा सोनी ने सभी नगरवासियों से मतदान करने की अपील की।




### सदर ने जारी की अपील

मुस्लिम समाज की अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसाइटी के सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी ने लिखित अपील जारी कर मुस्लिम समाज से आगामी शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

## बाइक के आगे कार लगाकर कट्टे की नोक पर लूटपाट एवं मारपीट करने का मामला दर्ज

### जातिसूचक शब्दों से अपमान करने का भी लगाया आरोप

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** थाना भुसावर के गॉव दीवली निवासी एक जने ने दो जनों को नामजद करते हुए रास्ते में बाइक रोककर कट्टे की नोक पर राशि लूटने सहित जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना भुसावर के गॉव दीवली निवासी लोकेश पुत्र बच्चू सिंह जाति जाटव ने दर्ज करवायी रिपोर्ट में बताया है कि वह दिनांक 23 अप्रेल को अपने गॉव दीवली से बाइक पर सवार होकर भुसावर आ रहा था तभी भगवानपुर और भुसावर के मध्य एक ब्रेजा कार बाइक के आगे लगा दी। जिसमें से दीवली



निवासी मोहित पुत्र हुकमसिंह एवं पुष्पेन्द्र पुत्र बच्चू जाति जाट और अन्य दो व्यक्ति जो निठार के थे कार से निकले और बाइक की चाबी निकालकर मेरे गर्दन पर कट्टा रख दिया। वहीं पुष्पेन्द्र ने चोरी की नीयत से झीना झपटी करते हुए 7 हजार रूपये और हाथ की चांदी की चेन को निकाल लिया। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए घसीटते हुए बगीची में ले जाकर मारपीट की। जहां जान से मारने की नीयत से हॉकी से आंख पर और गला दबाने का भी कार्य किया। वहीं जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पेयजल समस्या को लेकर पार्षद ने कनिष्ठ अभियंता को सौंपा ज्ञापन

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** वार्ड संख्या 18 में पेयजल समस्या को सही करवाने की मांग करते हुए पार्षद वन्दना नितिन पाण्डेय ने जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। पार्षद वंदना नितिन पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका भुसावर के वार्ड संख्या 18 में करीब दो माह से जलापूर्ति सही नही हो रही है। पानी का दबाब बहुत कम आ रहा है। जिस कारण वार्ड के लोगों को जरूरत के लिए पानी की इधर उधर से व्यवस्था करनी पड रही है। वार्ड में 10 से 15 परिवार ऐसे भी निवास कर रहे हैं जिन्हें बिल्कुल भी पानी नही मिल पा रहा है। पार्षद वंदना नितिन पाण्डेय ने बताया कि समस्या समाधान नही होता है तो जल्द वार्ड के लोगों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## विद्यार्थियों ने निकाली रैली मतदान के लिए किया जागरूक

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 के विद्यार्थियों ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु एन.पी.सी.आई.एल. की आवासीय कॉलौनियों में रैली निकाल कर जन-जन को मतदान करने का संदेश दिया। जिससे सही उम्मीदवार का चुनाव हो सके। रैली में छात्र-छात्राओं ने नारों के उद्घोष




द्वारा नागरिकों को उनके मतदान करने से देश हित के लिए उनके योगदान के बारे में बताया व एक-एक वोट की अहमियत से अवगत करवाया। विद्यालय से उप-प्राचार्य मुकुन्द देवधर ने रैली को रवाना किया। रैली के मार्गरक्षक शिक्षक हुमेरा ज़ीनत, अमित कुमार पाल, प्रीति कुमारी, घनश्याम मीणा, डॉ. बनवारी लाल व अनूप पाठक आर्ट शिक्षक डी.आर. गोचर ने रैली के लिए नारे लिखी तख्तियाँ तैयार करने में सहयोग किया।

## देव बाबा मेला भारतीय संस्कृति की पहचान : तोताराम प्रधान

### - जहाज का कारिस देव बाबा का मेला शुरू

खबरों की दुनिया

**हलैना।** श्रीदेव बाबा मेला कमेटी एवं देव बाबा भक्तों की ओर से अरावली पर्वतमाला के मध्य गांव जहाज स्थित श्रीकारिस देव बाबा मन्दिर पर जहाज का कारिस देव बाबा मेला का शुभारम्भ वेदमन्त्र व देव बाबा के जयकारे के साथ हुआ, मेला के मुख्य अतिथि तोताराम प्रधान झालाटाला रहे। अध्यक्षता गांव मोलोनी के रामवीर सिंह गुर्जर ने की। तोताराम प्रधान ने कहा कि देवा बाबा मेला भारतीय संस्कृति की पहचान है और मेले भाईचारा व प्रेम के प्रतीक



है। ऐसे आयोजन से आमजन में देशभक्ति एवं समाज व मानव सेवा की भावनाएं जागरूक होती है। उन्होने कहा कि श्रीकारिस देव बाबा ने सनातन धर्म और मातृभूमि की रक्षा कर दुश्मन के छक्के छुडा दिए और हमेशा गरीब, अनाथ, वनजीव-जन्तु, गौवंश, पशुपालक, किसान आदि की मदद एवं रक्षा की। ये हमेशा वन सम्प्रदा, मूक-बधिर प्राणियों के रक्षक रहे। उन्होने कहा कि हमें देवता, महापुरूष, लोकदेवता, राजा-महाराजा, शहीद आदि की जीवनी से शिक्षा लेकर देश व समाज के लिए कार्य करना चाहिए। इनकी जीवनी से हमें भारतीय संस्कृति का ज्ञान भी प्राप्त होता है। देव बाबा के सेवक नृपत सिंह गोठिया व ऊदल सिंह गोठिया ने बताया कि गांव जहाज के कारिस देव बाबा का मेला 24 अप्रेल से 10 मई तक लगेगा, इस बार मेला के चढावा की बोली करीब 18 लाख रूपए में लगी। मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, गुजरात, हिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर, केरल आदि प्रान्त के देव बाबा के भारी सख्यां में भक्तगण आते है, जिनमें भरतपुर, दौसा, करौली, बुलन्दशहर, फरीदाबाद, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, दौसा, अलवर, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा, सवाईमाधोपुर, टोंक, अजमेर, झांसी आदि जिले के सर्वाधिक भक्त आते है। इस अवसर पर उद्योगपति प्रतापसिंह गुर्जर इटामडा वाले, पूर्व सरपचं भीमसिंह कारवान, मेवाराम गुर्जर वाराखुर्द, योगेश जिन्दल हलैना, राहुल प्रधान, पूर्व सरपचं महाराज सिंह चैटोली, खुबीराम गोठिया, रत्तीराम गुर्जर, वीर सिंह, हरदयाल सिंह, विष्णु मित्तल पत्रकार, जगदीश गुर्जर कारवान, डॉ.पवन धाकड आदि ने देव बाबा की पूजा-अर्चना की।

## हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया, विशेष श्रृंगार किया, 51 किलो के रोठ का लगाया भोग





खबरों की दुनिया

**भैंसरोडगढ़।** श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर भैंसरोडगढ़ में हनुमान जयंती महोत्सव मंगलवार को उत्साह से मनाया। श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के संयोजक बनवारी लाल गौढ़ ने बताया कि श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर विशेष महाआरती कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया। हनुमान जयंती पर हनुमानजी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। हनुमान मंदिर में महाआरती में कस्बे के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आए। जयंती के मौके पर हनुमानजी को 51 किलो के रोठ का भोग लगाया। शाम को मंदिर में आरती से पूर्व संगीतमय सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ कर महोत्सव मनाया। इस दौरान पवनपुत्र वीर हनुमान, अंजनी पुत्र के जयकारे गूंजते रहे।

### श्रीराम कथा में भजनों पर किया नृत्य

भैंसरोडगढ़ के श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का कार्यक्रम जारी है। कथा में कथा संत मुरली दास महाराज ने रोचक और भावपूर्ण प्रसंग सुनाये। कथा में संतश्री महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन मर्यादापूर्ण होना चाहिये। प्रभु राम का जीवन हमें आदर्श भरे जीवन की प्रेरणा देता है। कथा में संतश्री ने श्रीराम के सुरीले भजन भी सुनाए, जिस पर महिला-पुरूषों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया।

## हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली भव्य शोभायात्रा

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कस्बा भुसावर के भक्तराज हनुमान मन्दिर से शोभायात्रा बैण्ड बाजों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा मन्दिर परिसर से बैण्ड बाजों के साथ एक दर्जन से अधिक विभिन्न सजीव झांकियों के साथ शुरू हुई जिसे अतिथियों ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा राजा मण्डी, सपाट, मुख्य बाजार, सर्राफा बाजार, पुरानी अनाज मण्डी होते हुए पुनः मन्दिर पहुॅची। जहां जगह जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा करते हुए भक्तों द्वारा जलपान करवाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में




जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जहां भक्तों ने हनुमान जी की आरती उतारते हुए भगवान से विश्व शांति को लेकर प्रार्थनाएं की। कस्बा भुसावर में निकली शोभायात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में असामाजिक तत्वों पर नजर बनाये रखने के लिए पुलिस व्यवस्था पूरी तरह माकूल रही।

## दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी के साथ मारपीट मामला दर्ज

### - एटीएम कार्ड आधार कार्ड एवं नगदी भी ले गए छीनकर बाईक सवार

खबरों की दुनिया

**नदबई।** दुकान बंद कर अपनी कार से घर जा रहे दुकानदार की कार के आगे अनबैलेंस होकर मोटरसाइकिल गिर गई। जहां मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने दुकानदार से मारपीट कर कार में तोड़फोड़ कर दी। जिसके बाद दुकानदार ने बाइक सवार एक नामजद सहित दो अन्य के खिलाफ नदबई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार रणजीत नगर भरतपुर निवासी मनीष पुत्र नरेन्द्र कुमार अरोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पीड़ित मनीष की थाने के सामने नेट(वाईफाई) की दुकान है। पीड़ित रात को अपनी दुकान को बंद कर अपने घर भरतपुर के लिए कार से जा रहा था। जैसे ही पीड़ति रेलवे फाटक समीप बैंक ऑफ बडौदा के सामने पहुंचा, तो पीड़ित की कार के सामने एक मोटरसाईकिल पर तीन व्यक्ति बैठकर जा रहे थे। जो बैलेन्स खराब होने कारण पीड़ित की कार



के सामने गिर पडे। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि मोटरसाइकिल को गांव कबई निवासी सोनू चल रहा था। आरोपी सोनू और दो अन्य युवकों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और कार पर पत्थर से हमला कर तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि बाइक सवार आरोपी कार में से आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व 5,780 रुपए को चोरी करके ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## डॉ. राजकुमार डांगी ही रहेंगे सीएमएचओ

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** डॉ. राजकुमार डांगी को फिर से सीएमएचओ बनाया। पिछले दिनों सरकार ने आदेश जारी कर डॉ. राजकुमार डांगी के स्थान पर डॉ. छोटेलाल गुर्जर को सीएमएचओ बनाया था। इसके बाद डॉ. राजकुमार ने राजस्थान हाईकोर्ट में अपील कर सरकार के इस निर्णय को चुनौती दी। जिस पर राजस्थान हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए यह निर्णय पारित किया था कि डॉ. छोटेलाल गुर्जर जूनियर है। इसलिए सीएमएचओ पद पर डॉ. राजकुमार डांगी को ही रखा जाए। इस कोर्ट के आदेश के बाद डॉ. डांगी ने पुनः सीएमएचओ का कार्यभार ग्रहण कर लिया। लेकिन सरकार द्वारा 22 मार्च को डॉक्टर छोटेलाल गुर्जर को ही डीडीओ पावर सौंप दिए। तब से सीएमएचओ पद पर डॉ छोटेलाल गुर्जर ही कार्यरत थे। इस मामले में मंगलवार को एक नया मोड़ आया। निदेशक जन स्वास्थ्य ने एक आदेश जारी कर डॉ. छोटेलाल गुर्जर को दिए। डीडीओ पावर के आदेश को वापस ले लिया। जिससे यह तय हो गया कि डॉ. राजकुमार डांगी ही सीएमएचओ बने रहेंगे। डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि मैने कोर्ट और सरकार के आदेश की पालना में कार्य करता रहूंगा।

# 40 वर्ष के बाद शरीर कि जांच लाभकारी होती हैं : डॉ मनीष जागिड़

## - निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर में 80 रोगी हुए लाभान्वित

खबरों की दुनिया




**नवलगढ़।** कस्बे के जागिड़ अस्पताल के परिसर में भारतीय सेवा समाज के संस्थापक स्वामी कृष्णानंद महाराज की प्रेरणा से शारदा क्रोपकेम बंबई के आर्थिक सौजन्य से, सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन, अलायंस क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा व रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान चिड़ावा के सहयोग से 24 अप्रेल को जांगिड अस्पताल में 117वां निःशुल्क दमा, गठिया, मधुमेह रोगो का आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया ने किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अलायंस क्लब द्वारा लगाये जाने वाले मधुमेह शिविर आदि लोगो के लिये वरदान सिद्ध हो रहे है। एक्पोर्ट क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाइंया निःशुल्क पूरे एक माह की दी जाती है जो गरीब के लिये सहारा बनती है। नर की सेवा नारायण की सेवा है सक्षम लोगो को जरूरतमंदो की सेवा करनी चाहिये। इस अवसर पर उन्होने भी ब्लड प्रेशर व सुगर की जांच करवाई जिसमें वे स्वस्थ पाए गये।

अतिथियों द्वारा कृष्णानंद की फोटो पर पुष्प अर्पित किये गये इसके पश्चात दिल्ली के डॉ जोगेन्दर सिंह आयुर्वेद चिकित्सक ने अपने सहयोगियों के साथ 80 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया। डॉ मनीष जांगिड ने अपने संदेश में कहा कि 40 वर्ष के बाद शरीर की जांच करवा लेनी चाहिये जो लाभकारी सिद्ध होती है। आजकल की जीवन शैली से अकाल मृत्यु की संख्या बढ़ रही है कोरोना काल में लोगो के हदय भी कमजोर हो गये और बहुत से रोगियो की अचानक ही मृत्यु हो जाती है। इसके बचाव के लिए संतुलित भोजन व व्यायाम योग आदि बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ दयाशंकर जांगिड ने बताया कि मधुमेह बीमारी का प्रसार भारत बहुत ज्यादा हो रहा है सभी लोगो को चाहिये कि अपनी रक्त की सुगर जांच करवा लें। मधुमेह की जांच होने पर जरूरत पढ़ने पर दवाइयां शुरू की जा सकती है और अच्छा जीवन बिताया जा सकता है लोग अशिक्षित होने के कारण इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लेते और जल्द ही हदय रोग लकवा अंधता आदि के शिकार हो जाते है। शिविर आयुर्वेदिक इलाज करवाने वालो के लिये वरदान सिद्ध हो रहा है और हर माह की 24 तारीख को शिविर लगाया जाता व लगाया जायेगा। बताया कि दवाइंयों के साथ मोटे अनाज जैसे बाजरा जौ ज्वार, खाने से ब्लड प्रेशर चीनी की बीमारी मोटापा काबू में लाया जा सकता है तथा शरीर मे रोग निरोधक शक्ति पैदा होती है। साथ-साथ में घुमना व्यायाम व संतुलित भोजन आवश्यक है। ज्यादातर यह वृद्धजनों को ग्रसित करता है।

डॉ जांगिड ने कहा कि कार्यक्रम मे प्रांतपाल जगदीश प्रसाद जांगिड, डॉ मनीष, डॉ मीनाक्षी जांगिड, डॉ शिखरचंद जैन, मेजर डीपी शर्मा पंकज शाह सुहित पाडिया मुरली मनोहर चोबदार, जनार्दन घोडेला, शोयब लंगा, सुमन वर्मा, ओमप्रकाश सैन रामकुमार सिंह राठौड, सज्जन जोशी, रमाकांत सोनी, पवन सोनी, गंगाधर मील व जांगिड अस्पताल के कर्मचारियों ने सहयोग किया।

## मनीष जानू का पीजीपिए के लिए चयन



खबरों की दुनिया

**मण्डावा।** हैरीटेज सिटी मण्डावा के निकटवर्ति ग्राम बहादुरवास निवासी प्रदीप जानू उप प्रधानाचार्य एवं उर्मिला देवी अध्यापिका के सुपुत्र मनीष जानू का आईआईएम बेंगलुरु में पीजीपीए के लिए चयन हुआ है। मनीष वर्तमान में अपोलो फार्मेसी में सीनियर डाटा एनालिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। बड़ा भाई रोहन सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। मनीष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा रामनिवास जानू एवं दादी पतासी देवी को दिया।

## थोक विक्रेताओं को स्टॉक इंद्राज करने के निर्देश

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला रसद अधिकारी कपिल झाझड़िया ने प्रवर्तन निरीक्षकों एवं अधिकारियों के माध्यम से जिले में दालों के थोक विक्रेताओं, आयातकों, दाल मिलर्स, विग चैन रिटेलर्स को निर्देश दिए हैं कि आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 (2) (एच) एवं (2) (आई) के तहत विभिन्न दालों यथा तूर, उड़द, चना, मसूर, मूंग आदि का स्टॉक भारत सरकार के पोर्टल डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एफसीएआईएनएफ ओडब्ल्यूईवी डॉट एन आईसी डॉट इन/पीएमपी (https://fcain-fowey.nic.in/psp) पर इंदाज किया जाना सुनिश्चित करें।

## हर घर में रविवार को सुखा दिवस मनाए तो नहीं होंगी मलेरिया जैसी बीमारियां

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने विभाग की एडवायजरी को फॉलो करने और हर रविवार को ड्राई डे मनाने की अपील की। ताकि मच्छर जनित मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया आदि बीमारियों से बचा जा सके। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि हर वर्ष 25 अप्रेल को मलेरिया दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य मलेरिया रोकथाम के प्रति जागरूक बनना। डॉ डांगी ने बताया कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम 'अधिक न्याय संगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना' रखी गई है। सीएमएचओ डॉ. डांगी ने बताया कि मलेरिया और मच्छर जनित रोगों से लड़ने के लिए समुदाय का जागरूक बनना और सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। उन्होनें बताया कि जिले में मलेरिया क्रेश कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 अप्रैल से 14 मई 2024 तक आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम के दौरान आशाओ की टीम बनाकर एएनएम एवं सीएचओ द्वारा घर-घर सर्वे कर मच्छरों की रोकथाम के लिए एन्टीलार्वल व एन्टीएडल्ट तथा सोर्स रिडक्शन व आईईसी गतिविधियां की जा रही। मलेरिया क्रश कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक शुक्रवार को सुखा दिवस मनाया जा रहा हैं साथ ही आमजन को दैनिक उपयोग में लिए जा रहे कुलर, फ्रिज की ट्रे, पक्षियों के परिन्डे को खाली कर सुखाने व मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ भंवर लाल सर्वा ने बताया कि पानी भराव क्षेत्र में एएनएम/आशा/सीएचओं द्वारा एमएलओ डाला जा रहा है ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सकें। इस कार्यक्रम के संबंध में जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर पर्याप्त संख्या में दवाईयां व आवश्यक संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं समय पर रोगियों का उपचार करने के लिए सभी संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए है। डॉ सर्वा ने बताया कि इस मामले को विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में सभी संबधित विभागों टास्क फोर्स का गठन किया है। उन्होनें बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है घरों में पेंपलेट्स वितरित किए जा रहे हैं कचरा उठने वाले निकायों के हुपरो से माइकिंग करवाई जाने के आदेश नगर पालिका व परिषद को दिए गए हैं। उन्होनें बताया कि मच्छरों की रोकथाम के लिए स्थाई जल स्त्रोतो में गम्बुशिया मछली डाली जाने तथा फील्ड सर्वे के दौरान पाये गये बुखार के रोगियों की अधिक से अधिक मलेरिया की स्लाईड ली जानें के लिए निर्देशित किया है।

## चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण

## जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गढ़वाल ने दिए निर्देश



खबरों की दुनिया

**सीकर।** चिकित्सा विभाग के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गढवाल ने बुधवार को चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कूदन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दौलतपुरा व दादिया का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थानों पर दवाइयों की उपलब्धता, जांच व उपकरण की स्थिति, साफ सफाई, वार्ड में बैड, गददों की स्थिति का जायजा लिया।

आरसीएचओ डॉ छोटेलाल गढवाल ने इस दौरान टीकाकरण, प्रसव, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, परिवार कल्याण व अन्य विभागीय कार्यक्रमों, योजनाओं में प्रगति का जायजा लिया।

## हनुमान भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ



खबरों की दुनिया

**उदयपुरवाटी।** गढ़वाले बालाजी धाम पर हनुमान भक्तों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। सुंदरकांड के दौरान बालाजी की मूर्ति का विशेष श्रृंगार किया।

गढ़ बालाजी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की। समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को राम लल्ला की फोटो भेंट की गई। बालाजी महाराज को विशेष पकवान का भोग लगाया। कस्बे के श्रद्धालुओं ने घर पर प्रसाद बनाकर गढ़ बालाजी को खीर-चूरमे का भोग लगाया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सच्चिदानंद चौमाल, डॉ. अनिमेष गुप्ता, सुरेंद्र जांगिड़, संतोष कुमावत, जगदीश खोवाला, चेतन पारीक, रामदेव जांगिड़, चंद्रभान सैनी, जौनी सिसोदिया, पुनीत शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। समिति के कपिल शर्मा ने बताया कि संजीव झांकी सजाई गई।

## खिलाड़ियों को अनुकूल माहौल एवं प्रशिक्षण दिलाने के लिए उठाए जाएंगे कदम : डॉ. ढुल

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट और एशियन क्वान की डो फेडरेशन के नवनियुक्त प्रेसीडेंट डॉ. देवेन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि देश में खिलाडियों को बेहतर माहौल व प्रशिक्षण व्यवस्था देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल से श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो (महिला व पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप का आयोजन करेगी। जबकि एशियाई फेडरेशन नवंबर में थाईलैंड में पहली बार एशियन क्वान की डो चैंपियनशिप का आयोजन करवाएगी।

फेडरेशन के पांच वर्ष के लिए प्रेसीडेंट नियुक्त किए जाने पर डॉ. ढुल यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंचे। जहां यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ. विनोद टिबडेवाला ने शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार, निदेशक संपदा इंजीनियर बालकृष्ण टिबडेवाला, परामर्श समिति सदस्या डॉ. मधु गुप्ता समेत शिक्षक, गैर शिक्षक स्टॉफ द्वारा फूल मालाएं पहनाई।

उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी व तफिशा से संबद्ध क्वान की डो खेल मार्शल आर्ट श्रेणी का खेल है। जिसकी शुरूआत वियतनाम से हुई थी। उन्होंने कहा कि एशिया महाद्वीय में क्वान की डो खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी द्वारा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो (महिला व पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप की मेजबानी की जाएगी। जिसमें देशभर की विभिन्न यूनिवर्सिटीज के सैंकडों खिलाडी शामिल होंगे। इसी प्रकार एशिया क्वान की डो फेडरेशन द्वारा नवंबर में थाईलैंड में एशिया क्वान की डो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य वित अधिकारी डॉ. अमन गुप्ता, खेल बोर्ड सचिव डॉ. अरूण कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं गैर शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहा।

## सांसद सुमेधानंद ने अजमेर के रूपनगढ़ में किया पार्टी प्रत्याशी चौधरी के लिए जनसंपर्क

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सांसद व भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने बुधवार को लोकसभा चुनाव में अजमेर जिले के पुष्कर में भाजपा प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क किया। सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने अजमेर के रूपनगढ़ में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सर्वाधिक मतदान भाजपा के पक्ष में करवाने की अपील की। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में उन्होंने अजमेर प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में कई अन्य स्थानों पर प्रचार प्रसार किया।



### जिलाध्यक्ष डॉ. सिखवाल हैं चित्तौड़गढ़ दौरे पर

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने बुधवार को पार्टी प्रत्याशी व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के लिए जनसंपर्क किया। डॉ. सिखवाल ने चित्तौड़गढ़ के कई स्थानों पर जनसंपर्क किया व पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में डॉ. सिखवाल ने भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान की अपील की।

### युवा प्रकोष्ठ ब्राह्मण समाज अलवर की एक नई पहल

## 'अपने-अपने जन्मदिन पर पौधे लगाएं ओर पर्यावरण को बेहतर बनाएं'

खबरों की दुनिया

**अलवर।** युवा प्रकोष्ठ ब्राह्मण समाज अलवर ने मंगलवार को पर्यावरण को लेकर एक नई पहल शुरु की गई। जिसमें सभी को अपने अपने जन्म दिवस पर पांच पेड लगाने के लिए जागरूक किया गया। युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री पंकज शर्मा ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ अलवर जिला ब्राह्मण सभा द्वारा एक नयी पहल की शुरुआत की गई, जिसमें युवा जिलाध्यक्ष महेश उपाध्याय के जन्मदिन पर छात्रावास के फ्रंट लॉन में 5 पेड़ लगाये गए। वहीं छात्रावास के बच्चो को अल्पाहार की व्यवस्था की। महेश उपाध्याय द्वारा स्वेच्छा से परिसर में बैठने के लिये एक बैंच



का भी दान किया गया, जिसे गार्डन तैयार होने पर उसमे रखा जायेगा।

महामंत्री शर्मा ने बताया कि पौधा लगाने के इस पूरे कार्यक्रम में विश्वंभर दयाल वशिष्ठ जिलाध्यक्ष अलवर जिला ब्राह्मण सभा का सान्निध्य मिला। वहीं जगराम पहलवान उपाध्यक्ष, महेश जैमन, मदन शर्मा, अश्वनी जावली शहर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, रोहित शर्मा शहर महामंत्री, एडवोकेट चंद्रशेखर शर्मा जिला संयुक्त मंत्री, अभिषेक शर्मा शहर उपाध्यक्षयुवा प्रकोष्ठ भी उपस्थित रहे।

युवा टीम नें सभी विप्र बंधुओं से आव्हान किया कि इस पहल को आगे बढ़ाने में युवा टीम का सहयोग करें ओर किसी भी विप्र बंधु का जन्मदिन हो, शादी की सालगिरह हो या घर में किसी की पुण्यस्मृति हो तो सभी छात्रावास जायें और आपकी इच्छा अनुसार 2, 5, 10 पौधे छात्रावास परिसर में लगायें और परिसर में बैठने के लिये बैंच का दान करें जिससे छात्रावास के लॉन को बेहतर बनाया जा सके। वहीं हमारे पर्यावरण को बेहतर बनाया जा सके।

## मित्तल हॉस्पिटल अलवर में निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर आज

### - इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लगेगा शिविर

खबरों की दुनिया

**अलवर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मित्तल हॉस्पिटल अलवर में आज प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सचिव नगर विकास न्यास द्वारा किया जाएगा।

शिविर संयोजक एवं मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक गिरीश गुप्ता ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन के मु य ट्रस्टी डॉ. एस. सी. मित्तल के पिता नानक चन्द मित्तल के 92वें जन्मोत्सव के अवसर पर एक विशाल निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर मित्तल हॉस्पिटल अलवर में गुरुवार को लगाया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक लगेगा। शिविर में मरीजो को निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क आवश्यक उपलब्ध दवाये, निःशुल्क मधुमेह जाँच, ई.सी.जी., यूरिन लोव् मीटर द्वारा जाँच, स्पैरोमीटर द्वारा फेफडो की जाँच बी.पी. टेस्ट एवं अन्य सभी जांचो पर 25 प्रतिशत रियायती दरो पर उपलब्ध करवाई जायेगी।

गिरीश गुप्ता ने बताया कि शिविर में चयनित नेत्र रोग के मरीजो के मोतियाबिन्द ऑपरेशन भी तिथि देकर निःशुल्क ऑपरेशन कराए जाएंगे। जिसमे मरीज के रहने, खाने-पीने, दवा, ऑपरेशन, लेन्स, चश्मा, घर के लिए दवा सभी पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ. एस. सी. मित्तल (फिजिशियन), डॉ. हिमांशु अरोडा (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा (गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभिषेक खण्डेलवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ.सुधीर गुप्ता (सर्जन), डॉ. महेश जैन एवं डॉ. प्रियंका गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ.माधवी कुन्दनानी (नाक, कान, गला विशेषज्ञ), डॉ.कुमुद गुप्ता (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपक गर्ग (दन्त रोग विशेषज्ञ), डायटीशियन गरिमा खट्टर (आहार विशेषज्ञ) अपनी निःशुल्क सेवाये प्रदान करेंगे।

## 1 मई को मनाया जाएगा श्रमिक दिवस

**झुंझुनू।** श्रमिक दिवस प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाता है। इस दिवस को अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक अपने साथी श्रमिकों एवं परिजनों के साथ मना सके इस उद्देश्य से जिले के सभी औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों के नियोजकों से तथा जिले के सावर्जनिक उपक्रमों के प्रबंधकों से श्रम कल्याण अधिकारी की ओर से अपील की है कि वे 1 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित कर श्रमिकों को यह दिवस मनाने में सहयोग प्रदान करें।

## मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गणना के लिए श्रीकल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय के विभिन्न कमरों में विधानसभा वार मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी। विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ (33) में मतगणना के लिए कमरा नम्बर 78, धोद (34) में कमरा नम्बर 31, सीकर (35) में कमरा नम्बर 108, दांतारामगढ़ (36) में 30, खण्डेला (37) में कमरा नम्बर 102, नीमकाथाना (38) में कमरा नम्बर 73, श्रीमाधोपुर (39) में कमरा नम्बर 64, चौंमू (43) में कमरा नम्बर 40 में मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि डाक मतपत्रों की गणना के लिए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीकर (05) में मतगणना के लिए कमरा नम्बर 67, 68 में पीबी टेबलों की संख्या 12 प्लस एक, 69 में 11 प्लस एक पीबी टेबलें लगाई जायेगी।

खबरों की दुनिया
एक नजर

# पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बेटे के समर्थन में किया रोड शो

## वैभव गहलोत के लिए मांगे वोट, कार्यकर्ताओं ने जेसीबी में चढ़कर बरसाए फूल





खबरों की दुनिया

**सिरोही।** लोकसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने रोड शो किया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अलग-अलग वाहन लेकर मौजूद रहे। काफिला अहिंसा सर्किल सारणेश्वरजी लाइब्रेरी के बाहर से रवाना हुआ जो कि पैलेस रोड से होता हुए शहर में घुसा और सिपाहियों का मोहल्ले से सरजावाव गेट होते हुए अंबेडकर चौराहे तक पहुंचा। प्रचार के आखिरी दिन बीजेपी ने भी रोड शो किया। भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के प्रचार प्रसार को लेकर प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ ने रोड शो किया। रोड शो अहिंसा सर्किल सारणेश्वर जी लाइब्रेरी चौराहे से शुरू हुआ। जो पैलेस रोड बग्गी खाना भवन के पास से होता हुआ सरजावाव गेट के अंदर से होता हुआ बस स्टैंड और वहां से भटकड़ा चौराहे पर पहुंचा। इस दौरान काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अलग-अलग वाहनों में सवार रहे। रोड शो के दौरान दोनों पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जेसीबी में चढ़कर पुष्प वर्षा की। निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के अनुसार शाम 4 बजे नगर परिषद ने शहर में लगे चुनावी प्रचार प्रसार के लिए लगाए बैनर और पार्टी के झंडों को उतारना शुरू किया।

### कांग्रेस महासचिव पायलट ने की टोंक में कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चन्द्र मीणा के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की चुनावी सभा

# भाजपा धर्म व जातियों की भावना भड़का के चुनाव जीतना चाहती हैं, न तो कोई मुद्दा है न दस साल का रिपोर्ट कार्डः पायलट







खबरों की दुनिया

**टोंक।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा है कि भाजपा धर्म व जातियों की भावनाओं को भड़का करके चुनाव जीतना चाहती है। जिनके पास न तो कोई मुद्दे है न कोई दस साल का रिपोर्ट कार्ड। पायलट ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कांग्रेस की जीत दिखाई दे रही है जिससे भाजपा में निराशा झलक रही है। पूर्व डिप्टी सीएम पायलट ने बुधवार को टोंक में टोंक- सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा के समर्थन में बूथ कार्यकर्ता ,बूथ प्रभारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, कांग्रेस संगठन से जुड़े प्रधान, नगर परिषद सभापति, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पार्षदगण,ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठों, विभागो के जिला अध्यक्ष तथा कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई हवा कोई मुद्दा नहीं है बल्कि लोग दस साल के मोदी सरकार के रिपोर्ट कार्ड को देख करके वोट डालेंगे।

पायलट ने कहा कि पूरा चुनाव अभियान हम लोगों ने जो चलाया वह सकारात्मक चलाया ना सिर्फ इस क्षेत्र में प्रदेश में लेकिन देश में भी मैं कई राज्यों में गया और हर जगह में यह बात आपको बड़ी विनम्रता से कहना चाहता हूं कि लोग 10 साल की भाजपा की सरकार की रिपोर्ट कार्ड देखकर अपना वोट डालेंगे। पहले चरण में लगभग 102 सीटों में चुनाव हो गया। राजस्थान में वोट पड़ गए पहले चरण के मतदान के बाद यह बात तो स्पष्ट है कि भाजपा पूरे बैक फुट पर है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि भाषण में देख रहा हूं पहले चरण के मतदान के बाद जो भाषण है जो बातें कही जा रही हैं वह सुनकर मुझे लगता है कि कहीं ना कहीं कुछ चक्कर है । क्योंकि जो बात बोल रहे हैं पहले बोलते थे लेकिन इतना प्रखर नहीं बोलते थे कि हमारा पैसा लेकर उनको दे दोगे। मंगलसूत्र, मुसलमान ,और मस्जिद और मंदिर और यह सब बातें जो हो रही है। अब वह विकसित भारत की दलितों की , पिछड़ों की, अल्पसंख्यक की, आदिवासी की महिला की, नौजवान की, किसान की कृषि की निवेश की, शिक्षा की, चिकित्सा की उनकी बातें नहीं कर रहे हैं। इसका मतलब है कि कहीं ना कहीं देश में जो शुरूआत है बदलाव की वह चरम पर आ गई है और आने वाले समय में यह लगातार और चरणों में भाजपा के खिलाफ वोट पड़ेगा ।

पायलट ने अपने केरल में प्रचार की चर्चा करते हुए कहा कि मैं उससे पहले उत्तराखंड अलग-अलग राज्यों में गया हूं,मैं देख रहा हूं कि जो इंडिया गठबंधन का जो चुनाव है अलग-अलग दल हम सब साथ चुनाव लड़ रहे हैं वह बहुत ताकत से आगे बढ़ रहा है। और इस चुनाव में हम लोगों को ध्यान देना पड़ेगा । उन्होंने कहा कि कुछ लोग कोशिश करेंगे चुनाव को बांधने की जाति में, गोत्र में ,भाषा में धर्म में लेकिन हमें शुद्ध रूप से काम और विकास की बात करनी चाहिए। हमारी पार्टी ने घोषणा की है औरपहली पार्टी है और यह हर किसान परिवार को समझाना पड़ेगा कि कांग्रेस को इकलौती राजनीतिक पार्टी भी है जिसने कहा सरकार बनने के बाद हम समर्थन मूल्य पर कानून बनायेगे, कानून बनाना है छोटी बात नहीं है । आज 10 साल तक बीजेपी नहीं कर पाई, हमने कहा था रोजगार का कानून बनाएंगे आज नरेगा चल रहा है तो कानून बनाने के लिए संकल्प शक्ति चाहिए जो राहुल गांधी और खरगे ने घोषणा की है कि एमएसपी कानून बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड उद्योगपतियों का माफ कर दिया। हम लोग चाहते हैं कि गरीबों की मदद करें जो सबसे गरीब परिवार है देश में प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए हम देना चाहते हैं ताकि गरीबों के हाथ में पैसा आए, अपने बच्चों के हाथ पीले करने, बच्चों को पढ़ाना है तो गरीब के हाथ में पैसा नहीं आएगा तब तक देश विकसित होकर आगे नही बढ़ सकता है ।

पायलट ने कहा कि कांग्रेस ने 30 लाख पद खाली पड़े हैं देश में केंद्र सरकार की नौकरियां उनको भरने का वादा किया है और कैलेंडर बनाया है यह आश्वासन नहीं है तारीख के साथ भर्तियां कब करेंगे,कैलेंडर हम लोग बना रहे हैं ताकि लोगों को पता पड़े । महिलाओं को उसमें 50प्रतिशत आरक्षण मिलेगा नौकरियों के अंदर तो किसान हो, नौजवान हो ,हर वर्ग को हमने कुछ ना कुछ 5 साल के लिए एक अपना एक विजन देने का काम किया। कांग्रेस महासचिव पायलट तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को लगा कि मामला गड़बड़ है इसलिए कल प्रधानमंत्री जी आए थे, उनियारा में। पहले दौसा में चुनाव हुए थे वहां प्रधानमंत्री गृहमंत्री,योगी जी,राजनाथ जी ,जितने सारे जी हैं वह सारे वहां पहुंच गए मीटिंग करके आए और मैं आपको बड़ी विनम्रता से लेकिन बड़े आत्मविश्वास से बोल सकता हूं कि दौसा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतने वाली है।

उन्होने कहा कि प्रचार हो गया लोग समझ गए हैं मंशा ,सोच , काम करने का तरीका और 10 साल से देख लिया यह वह सरकार 10 साल सत्ता में रही अब बोल रहे है 5 साल और दे दो खुद के लिए 15 साल और जो लड़के तैयारी करके फौज में जाना चाहते हैं उनको कहा तुम अग्निवीर बन जाओ और सिर्फ 4 साल में घर आ जाए, 21 साल का नौजवान 4 साल में घर आ जाए और इनको 15 साल दो और फिर बात करें 2047 की अब वह लंबा सोच रहे हैं इनको 400 सीट क्यों चाहिए। विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज कर दो निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाल दो इनकम टैक्स की विपक्ष के नेताओं पर रेड डाल दो सही नहीं लोकतंत्र के लिए इसलिए चुनाव महत्वपूर्ण है ।

कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा ने कांग्रेस का इतिहास बताते हुए अब तक के मुख्यमंत्रियों के नाम लेते हुए कहा कि कांग्रेस सभी जाति, धर्मो व वर्ग की पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। यह चुनाव जाति, धर्म का नहीं बल्कि महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनियारा में कोई मुद्दे की बात नहीं की। मीणा ने कहा की मोदी ने यदि वापस सरकार बनाई तो संविधान बदल जाएगा यह आखिरी चुनाव होगा आपका वोट देने का अधिकार छीन जाएगा।

सभा में विधायक मुकेश भाकर,लोकसभा चुनाव प्रभारी महेश शर्मा,नगर परिषद टोंक के सभापति अली अहमद,कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चैधरी,कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, कांग्रेस नेता सऊद सईदी ,देहात अध्यक्ष कैलाशी मीणा, रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष अकबर खान, पूर्व विधायक कमल बैरवा,कांग्रेस सेवादल के धर्मेंद्र सलोदिया, सुनील बंसल आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा ,साम्प्रदायिकरण व तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वालाः पंकज मीणा

खबरों की दुनिया

**टोंक।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने कहा कि कांग्रेस साठ साल तक दलितों, पिछडो व आदिवासियों को बरगला करके राज किया। वही भाजपा ने विकास की राजनीति की। उन्होंने कहा कि इन वर्गो में जैसे -जैसे शिक्षा बढी वैसे ही जागरूकता आयी तो कांग्रेस का सूफडा साफ होता गया , मोदीजी के विकास को जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की,कांग्रेस घोषणा पत्र में भी साम्प्रदायिक झलक दिखाई देती है। सामाजिक आरक्षण को पचास प्रतिशत से अधिक बढाया जाए साथ ही इसको छीन करके एक विशेष धर्म को आरक्षण देना चाहती है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने कहा कि कांग्रेस के न्याय संकल्प पत्र को अंग्रेजो की बांटो और राज करो की नीति आधारित है।



मीणा ने बुधवार को भाजपा मीडिया सेंटर में जिलाध्यक्ष अजीतसिंह मेहता के साथ पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा की कोई भी योजनाएं हो इनमें कोई धर्म या जातिगत भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र सिर्फ झूंठ का पुलिंदा है सम्भव नहीं है, ऐसी घोषणाएं करके जनता को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कई जगह अल्पसंख्यकों के लिए योजनाओं का जिक्र किया हैं।

# राजस्थान में तैनात रहेंगे 85 हजार अधिकारी और जवान

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के लिए तैनात की गई फोर्स

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण की वोटिंग होगी। इस दौरान पाली, जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, जालोर सिरोही, राजसमंद, उदयपुर, बांसवाड़ा-डूंगरपुर, चित्तौड़गढ, कोटा-बूंदी, झालावाड़-बारां, टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर एवं भीलवाड़ा में मतदन होगा। इन जिलों में सुरक्षा एजेंसियां पहुंच चुकी हैं। सुरक्षा के कड़े इंतेजाम राजस्थान पुलिस के द्वारा किए गए हैं। डीजीपी यूआर साहू ने बताया- दूसरे चरण में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस बल के साथ केन्द्रीय सशस्त्र बलों की कम्पनियां और होम गार्ड्स के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया- राजस्थान पुलिस करीब 85 हजार अधिकारी एवं जवानों के अलावा केन्द्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कम्पनियां, राजस्थान शहरी-ग्रामीण होम गार्ड के 18 हजार 400 तथा बॉर्डर होम गार्ड के 1600 जवानों को फील्ड में तैनात किया गया है।

### सजगता से निभाएं जिम्मेदार नागरिक का फर्ज



डीजीपी श्री साहू ने प्रदेश में शुक्रवार को लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा- सभी मतदाता बिना किसी दबाव या प्रलोभन के निर्भय होकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र के पर्व में अपनी भूमिका सजगता से निभाएं।

# अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी ने किया अग्रेंजी का पेपर निरस्त

### अब 29 को होगा दोबारा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** खबरों की दुनिया समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को आधार मानकर अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी ने एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में पाठ्यक्रम के बाहर पूछे गये प्रश्नो को आधार मानकर उस पेपर को निरस्त कर दिया। अब यह पेपर 29 अप्रैल को 11 से 2 बजे तक पूर्व निर्धारित केन्द्रो पर होगा। विश्वविद्यालय के छात्रों ने खबरों की दुनिया का आभार प्रगट किया। खबरों की दुनिया में प्रकाशित खबर का संज्ञान मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा लिया गया था।


डॉ. भीमराव अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी जयपुर की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में कोर्स के बाहर प्रश्न पूछे गए, छात्र निराश

7 अप्रैल को प्रकाशित खबर

सीनियर पीटीआई भर्ती में फर्जीवाड़ा

# डमी कैंडिडेट्स को बैठाया; दो के खिलाफ मामला दर्ज

**अजमेर (खबरों की दुनिया)।** आरपीएससी के सीनियर पीटीआई एग्जाम में एक बार फिर डमी कैंडिडेट्स बैठाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर 2 कैंडिडेट्स के खिलाफ मामले दर्ज करवाए गए हैं। दोनों ने फर्जी कैंडिडेट्स से परीक्षा दिलवाई थी। एप्लीकेशन फॉर्म और एग्जाम सेंटर पर अटेंडेंस शीट में फोटोज अलग-अलग थी। डॉक्युमेंट्स की जांच के दौरान ये खुलासा हुआ। इसके बाद कैंडिडेट्स को आयोग में बुलाया गया लेकिन वे नहीं आए। इसके बाद आरपीएससी ने क्लॉक टावर थाने व सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने कहा- मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने लोकसभा चुनाव-2024 के तहत 26 अप्रैल मतदान दिवस को जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। इसे लेकर बुधवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली, एवं आवश्यक निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी एआरओ मतदान केंद्रों पर विद्युत, शौचालय, छाया-पानी, चार दिवारी, बैठने की व्यवस्था, पंखें, कुर्सी, कचरा पात्र आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर आने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। तेज गर्मी होने के कारण मतदान केंद्रों पर आवश्यक दवाइयां एवं ओआरएस के पैकेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल को निर्देश दिए कि जिन मतदान केंद्रों पर पेयजल की समस्या है वहां पेयजल टैंकर मुहैया कराया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को 25 अप्रैल की शाम से 26 अप्रैल तक निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देशित किया कि सेक्टर ऑफिसर के साथ बैठक लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखे। सेक्टर ऑफिसर एआरओ एवं मतदान दलों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी मतदान कर्मी सेक्टर ऑफिसर के मोबाईल नंबर अपने पास रखे।




### जिला कलेक्टर ने किया पोस्टर का विमोचन....

### श्री व्यापार महासंघ के प्रतिनिधियों ने मतदान दिवस पर बाजार बंद रखने पर जताई सहमति

लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आमजन को मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में टोंक शहर के श्री व्यापार महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी की अपील पर श्री व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनीष बंसल एवं जिला महामंत्री आनंद बम्ब ने 26 अप्रैल मतदान दिवस पर टोंक शहर के बाजार बंद रखने पर अपनी सहमति जताई। इस दौरान शहर के अन्य सभी व्यापारी भी मौजूद रहे।

### जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप वॉर रूम मतदान दिवस पर हैला टोली, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजीविका का महिलाएं, स्काउट गाइड, वॉलिंटियर एवं अन्य ग्राम स्तरीय कार्मिकों के माध्यम से जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत हैप्पी ऑवर्स में कम रहे वहां मतदाताओं को मतदान देने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जयपुर के वीआईपी इलाके में 15 लाख रुपए लूटे

## ऑफिस में घुसे बदमाश, पिस्टल दिखाकर महिलाओं से बोले-आवाज की तो गोली मार देंगे

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में 24 घंटे के अंदर लूट की दूसरी बड़ी वारदात हो गई है। बदमाशों ने शहर के वीआईपी इलाके सी-स्कीम में डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग को निशाना बनाया। यहां ऑफिस में काम कर रही दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना की सूचना मिलने पर अशोक नगर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर लगे सीसीटीवी खंगाले गए। डीसीपी साउथ दिगंत आनंद भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, शाम करीब साढ़े 5 बजे दो बदमाश बाइक पर आए। केसरी भवन बिल्डिंग में स्थित कार्यालय में पहुंचे। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है, जो कैश कलेक्शन के लिए बनाया गया है। दोनों बदमाशों ने ऑफिस में मौजूद दो महिलाओं को पिस्टल दिखाई। फिर चुप रहने के लिए कहा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक **अजय भारतीय** द्वारा आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं आकाशदीप सेक्टर-11 अग्रवाल फार्म, जयपुर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल. सी. भारतीय **मोबाइल:** 9829061123 **फोन :** 0141-2397778